

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -323 जबलपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## गरियाबंद मुठभेड़ में 20 नक्सली ढेर

रायपुर.(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आधिकारिक तौर पर अब तक 16 नक्सली ढेर हो गए हैं. मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता मिली. अभी भी मुठभेड़ जारी है. मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है. इससे पूर्व बीजापुर में सुरक्षा बलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया था. सभी मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं. रविवार सुबह से मंगलवार की सुबह तक रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है.

गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में कुल एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है. यह मामला मैनपुर थाने इलाके का बताया जा रहा है. मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयर लिफ्ट करके रायपुर

### सीएम साय बोले- 2026 तक हो जाएगा लाल आतंक समाप्त



लाया जा रहा है. इससे पहले रविवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर किए गए थे वहीं एक जवान भी घायल हुआ था.

**आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने दी जानकारी**

गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं. एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं. सर्च ऑपरेशन जारी है. आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है.

**सीएम विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा किया**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है. उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं. हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा.

मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। इसी तरह 1 करोड़ का इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी मेंबर जयराम उर्फ चलपती भी मारा गया है।

## भोपाल कलेक्ट्रेट परिसर में हंगामा, किसान ने वाहन में लगाई आग, मचा हड़कम्प



भोपाल. (आरएनएस)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में बड़ी खबर सामने आई है. जहां कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान काम नहीं होने पर गाड़ी में आग लगा दी. घटना के बाद कलेक्ट्रेट में हड़कंप मच गया है. फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है.

जानकारी के मुताबिक, जमीनी विवाद के मामले को लेकर किसान कलेक्ट्रेट में पहुंचा था. जहां उसकी जनसुनवाई नहीं हुई. गुस्से में आकर किसान ने पहले खुद को आग लगानी चाही, इसके बाद फिर उसने किसी पार्टी के महामंत्री की गाड़ी में आग लगा दी.

पुलिस ने तुरंत ही युवक को हिरासत में ले लिया है. घटनास्थल पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है. युवक को थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है.

### ग्वालियर से जबलपुर लौटते समय घबराहट के बाद सागर में चेकअप

## मंत्री राकेश सिंह की तबीयत बिगड़ी



सागर (आरएनएस)। ग्वालियर से जबलपुर जाते समय प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह की मंगलवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें सागर में रोका गया, जहां सर्किट हाउस में उनका हेल्थ चेकअप किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उनका रक्त संचार और हृदय गति थोड़ा बढ़ी पाई गई। फिलहाल डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। खबर लिखे जाने तक वह सागर में ही थे। दरअसल राकेश सिंह सड़क मार्ग से शाम को ग्वालियर से सागर होते हुए अपने गृह नगर जबलपुर निकल रहे थे। तभी मालथौन के आगे कार में उन्हें घबराहट सी हुई।

इसके बाद उन्होंने अपने निजी स्टाफ से आराम करने की इच्छा जताई। शाम करीब छह बजे उन्हें सागर में रोककर उन्हें सर्किट हाउस क्रमांक एक के चार नंबर कक्ष में उन्हें लाया गया।

**सर्किट हाउस पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी**

मंत्री के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी लगते ही कलेक्टर संदीप जीआर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, एसडीएम, तससीलदार सहित प्रशासन के अलावा अधिकारी सर्किट हाउस पहुंच गए।

मौके पर सरकारी सहित निजी अस्पताल की तीन एंबुलेंस भी पहुंच गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन जयंत, आरएमओ अभिषेक ठाकुर, सिविल सर्जन जितेंद्र सराफ ने सर्व प्रथम उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। उनका रक्तचाप सामान्य से थोडा बड़ा पाया गया। उनके हृदय गति को मापा गया, जहां वह भी बढ़ी मिली, जिसके बाद बंसल हास्पिटल से भी डाक्टरों को बुलाया गया। जहां मंत्री की तबीयत को देखते हुए हृदय गति को मापने के लिए ईको मशीन, आक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य उपकरण मंगाए गए। हृदय रोग विशेषज्ञों ने इत्मीनान से उनका स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए स्थिति को सामान्य बताया। इसी दौरान बुंदेलखंड मेडिकल कालेज के डीन पीएस ठाकुर व अन्य डाक्टर भी सर्किट हाउस पहुंच गए। करीब आठ बजे डाक्टरों ने मंत्री राकेश सिंह के स्वास्थ्य को सामान्य बताते हुए आराम करने की सलाह दी।

## जेसी मिल श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान के प्रयास अंतिम दौर में- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस) ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर की जेसी मिल के लगभग 8 हजार श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार के प्रयास आखिरी दौर में पहुँच गए हैं। हमारा प्रयास है कि इंदौर की हुकुमचंद मिल और उज्जैन की विनोद मिल की तर्ज पर जेसी मिल के लगभग 8 हजार श्रमिक बंधुओं की देनदारियों का भुगतान भी जल्द से जल्द हो और उनकी दीवाली खुशियों के साथ मने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जेसी मिल श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान के लिये हो रहे प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से ग्वालियर में आयोजित हुई अहम बैठक में यह बात कही। बैठक में ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट वर्चुअल रूप से शामिल हुए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर बैठक में मौके पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त परिसमापक श्री व्योमेश सेठ से कहा कि



पुराने और नवीन दावों के आधार पर जल्द से जल्द भुगतान का आंकलन कर उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें, जिससे उच्च न्यायालय में विचाराधीन जेसी मिल श्रमिकों के भुगतान से संबंधित मामले का शीघ्र निराकरण हो जाए और श्रमिकों की देनदारियों का भुगतान किया जा सके। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा एवं प्रमुख सचिव उद्योग श्री राघवेन्द्र सिंह को भी निर्देश दिए कि जेसी मिल श्रमिकों की भुगतान संबंधी कार्रवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में वर्चुअल और प्रत्यक्ष रूप से मौजूद मंत्रीगण, जेसी मिल श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त परिसमापक एवं उद्योग विभाग के राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी, संभाग आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों से चर्चा कर जेसी मिल श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान के संबंध में की जा रही कार्रवाई की वस्तुस्थिति जानी। साथ ही इस कार्रवाई को और तेज करने के निर्देश दिए। मंगलवार को संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर की जेसी मिल और रतलाम की सज्जन मिल सहित प्रदेश की सभी बंद मिलों पर श्रमिकों का बकाया भुगतान तो सरकार करायेगी ही, साथ ही इन मिलों की जमीन पर सरकार नई औद्योगिक इकाइयाँ भी स्थापित करेगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। इस कड़ी में अकेले ग्वालियर जिले में स्थापित होने जा रही औद्योगिक इकाइयों से 80 हजार से एक लाख स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा सरकार द्वारा क्षेत्रीय इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसके तहत प्रदेश के सात संभागों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित हो चुकी हैं। इनमें बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव सामने आए हैं। इनसे चार लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश में विश्व स्तरीय इंडस्ट्रीयल समिट आयोजित होने जा रही है,

## रामायण को लेकर केजरीवाल ने ऐसा क्या कह दिया जो भड़क गई भाजपा, बताया चुनावी हिंदू



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में महज दो हफ्ते बचे हैं और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी भाजपा एक-दूसरे पर हमले तेज कर रहे हैं। रामायण के खलनायक रावण पर आप संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक टिप्पणी को लेकर अब दोनों पार्टियों में ठन गई है। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने वह प्रसंग सुनाया जिसमें रावण ने सीता का अपहरण कर लिया था।

केजरीवाल ने कहा कि रामचन्द्र जी (भाई) लक्ष्मण से सीता की देखभाल करने को कहकर भोजन की व्यवस्था करने जंगल में चले गये। तभी रावण स्वर्ण मृग का भेष बनाकर आया। सीता ने लक्ष्मण से कहा कि उन्हें हिरण चाहिए। लक्ष्मण ने पहले तो मना कर दिया लेकिन फिर हिरण की तलाश में निकल पड़े।

### राहुल गांधी का मोदी सरकार पर वार

## मेहनत आपकी, मुनाफा किसका, गरीब और मिडिल क्लास का जीना मुहाल



नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को मोदी सरकार पर उसकी आर्थिक नीतियों को लेकर निशाना साधा। इसक साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि वास्तविक विकास तब है जब हर कोई प्रगति करे, व्यापार के लिए उचित माहौल हो, निष्पक्ष कर प्रणाली हो और श्रमिकों की आय बढ़े। राहुल ने एक्स पर लिखा कि मोदी जी के विकसित भारत की स'चाई- मेहनत आपकी, मुनाफा किसका? आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है, लेकिन क्या आपको इसमें उचित हिस्सा मिल रहा है? जरा सोचिए। राहुल ने दावा किया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई। इस वजह से लोगों को रोज़गार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में गलत नीतियों ने किसान और खेत मजदूर की स्थिति बदहाल की है। वे मुश्किल से अपना गुज़ारा कर पा रहे हैं। इसके साथ ही राहुल ने आगे लिखा कि पिछले पांच वर्षों में श्रमिकों की वास्तविक आमदनी या तो स्थिर है या कम हुई है। सरकार पर हमला जारी रखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि हानिकारक त्नस्स्ञ्ज और इनकम टैक्स की मार ने गरीब और मिडिल क्लास का जीना हराम कर रखा है, जबकि कॉर्पोरेट का कर्ज़ा माफ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आसमान छूती महंगाई के कारण अब न सिर्फ़ गरीब बल्कि सैलरीड क्लास भी अपनी ज़रूरतों के लिए लोन लेने को मजबूर है। वास्तविक विकास वो है जहां सबकी उन्नति हो - बिज़नेस के लिए निष्पक्ष माहौल मिले,

## आईटी की बड़ी कार्रवाई, फिल्म प्रोड्यूसर दिल राजू समेत प्रमुख निर्माताओं के आवासों पर की छापेमारी

हैदराबाद.(आरएनएस)। तेलंगाना में आयकर विभाग के अधिकारियों ने हैदराबाद शहर में मंगलवार तड़के टॉलीवुड फिल्म उद्योग के प्रमुख निर्माताओं के आवासों पर छापेमारी की. यह छापेमारी शहर के कई प्रमुख इलाकों बंजारा हिल्स, जुबली हिल्स, कोंडापुर और गाचीबोवली जैसे प्रमुख स्थानों पर की जा रही है. छापेमारी में तेलुगू फिल्म उद्योग से जुड़े कुछ प्रमुख हस्ती प्रसिद्ध फिल्म निर्माता दिल राजू, उनकी बहन सिरिश और दिल राजू की पुत्री हंसीथा रेड्डी शामिल हैं.सूत्रों के मुताबिक, इन व्यक्तियों



के घरों और उनके संबंधित संपत्तियों की जांच की जा रही है. कुछ व्यक्तियों और कंपनियों ने कर से बचने के लिए अवैध तरीके अपनाए हैं. यह छापेमारी एक बड़े अभियान का हिस्सा हो सकती है, जिसमें अधिकारियों ने संदिग्धों की वित्तीय गतिविधियों की जांच करने के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों और रिकॉर्ड को खंगालना शुरू किया है.

### आप और कांग्रेस पर अनुराग ठाकुर का बड़ा हमला

## देश विरोधी ताक़तों के साथ हैं कई पार्टियां...

नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। सम्मेलन के दौरान उन्होंने देश विरोधी तत्वों से हाथ मिलाने और उनके साथ खड़े होने को लेकर अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी की तीखी आलोचना की। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल, जो आप और हाथ के साथ डबल डेटिंग में शामिल हैं, राष्ट्र विरोधी ताकतों का पक्ष ले रहे हैं।



ठाकुर ने कहा कि आतंकवाद देश और दुनिया दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है और राष्ट्रीय सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। भारतीय जनता पार्टी ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का संकल्प लिया है और पिछले 11 वर्षों का मोदी सरकार का रिकॉर्ड इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एक ओर, हमारा ध्यान नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने पर है, और भाजपा के लिए, राष्ट्र प्रथम हमेशा मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। हालाँकि, कुछ राष्ट्र-विरोधी पार्टियाँ हैं जो देश के खिलाफ काम करने वाली ताकतों के साथ सहयोग करती हैं, राजनीतिक लाभ के लिए उनसे धन प्राप्त करती हैं और फिर चुप रहना पसंद करती हैं।

## बुलंदशहर की फैक्टरी में गैस लीक होने से बड़ा हादसा, दो की मौत, एक गंभीर हालत में भर्ती

बुलंदशहर. (आरएनएस) ।यूपी के बुलंदशहर स्थित सिकंदराबाद की बीएटीएक्स एनर्जीज कंपनी में मंगलवार 21 जनवरी को बड़ा हादसा हो गया. यहां गैस रिसाव होने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई है, वहीं तीसरे को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया. सूचना पर पुलिस बल के साथ एसडीएम मौके पर पहुंचे. वहीं मृतक के परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. जानकारी के अनुसार फैक्टरी में ट्रायल चल रहा था. बॉयलर में गैस सिलेंडर लगाने के दौरान अधिक मात्रा में गैस का रिसाव होने के कारण गुलावठी क्षेत्र के गांव बसाईच निवासी सत्येंद्र 21 वर्ष पुत्र गजेंद्र, संभल मुरादाबाद निवासी अंशुल चौहान व गिरीश बेहोश हो गए.

### ताहिर हुसैन की याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट

## ऐसे लोगों को तो चुनाव लड़ने ही नहीं देना चाहिए



नई दिल्ली-(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की और पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई 21 जनवरी तक के लिए टाल दी, जिसने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने समय की कमी के कारण सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन जैसे ही दिन बढ़ रहा था, हुसैन के वकील ने मामले का उल्लेख किया और 21 जनवरी को सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। ऐसे सभी व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाना चाहिए।

## राहुल गांधी को उठक-बैठक करके माफी मांगनी चाहिए, संविधान यात्रा को लेकर विजयवर्गीय का कांग्रेस पर निशाना

ग्वालियर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने महू में 27 जनवरी को होने जा रही कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान यात्रा को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा। विजयवर्गीय ने कहा कि गांधी परिवार के पूर्वजों ने बाबा साहब आंबेडकर के साथ बहुत अन्याय किया, ऐसे में राहुल गांधी को क्षमा यात्रा निकालते हुए बाबा साहब की प्रतिमा के सामने उठक-बैठक लगाकर माफी मांगनी चाहिए।

विजयवर्गीय ने सोमवार को ग्वालियर में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि राहुल और उनके खानदान ने कभी बाबा आंबेडकर का सम्मान नहीं किया। जवाहर लाल नेहरू ने सबसे ज्यादा किसी का तिरस्कार किया तो डाक्टर आंबेडकर का किया था। वह पार्लियामेंट में न आ पाएं, इसलिए उनको हराने के लिए वह सभा लेने खुद गए।



मतदान हो गया, वह जीत जाते, लेकिन मतगणना में गड़बड़ी की गई। आंबेडकर ने चुनाव आयोग को शिकायत की थी। उस वक्त 75 हजार वोट कांग्रेस की सरकार ने अमान्य करा दिए, इसलिए कांग्रेस के नेताओं को क्षमायाचना करनी चाहिए। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि हम दिल्ली में भी सरकार जरूर बनाएंगे। इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गांधी परिवार और कांग्रेस के सिर पर आंबेडकर के अपमान और उनके बनाए संविधान की हत्या करने का पाप लगा हुआ है। इस महापाप से मुक्ति के लिए राजनीतिक नौटंकी करने के बजाय राहुल गांधी को महू स्थित आंबेडकर की जन्मस्थली पर अपनी पार्टी और पूर्वजों द्वारा किए गए पाप के लिए कम से कम एक दिन का निर्जल उपवास कर प्रायश्चित करना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करेंगे तो ये पाप सात जन्मों तक उनका पीछा नहीं छोड़ेंगे।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कोतवाली में रात निहाल कुमार नायक उम्र 19 वर्ष निवासी ग्रीन सिटी माढोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीकाम प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है मैगी खाने चौपाटी एकता चौक के पास आया था दुकानों के पास से थोड़ा दूर खड़ा था मोबाइल पर बात कर रहा था उसी समय उसकी पहचान के 2 लडके आशुतोष सिंह एवं मनु ठाकुर आये और बोले बहुत होशियार बनता है कहकर शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने मना किया तो हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे आशुतोष सिंह ने कुछ नुकीली चीज से हमलाकर दाहिने जांघ के पास चोट पहुँचा दी

**निगमायुक्त ने 3 संभागों के वार्डो में दौरा कर नागरिकों से फीडबैक लिया और घरों के गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने की समझाईश दी**

# आपके सहयोग से ही जबलपुर बनेगा स्वच्छता में नम्बर वन - निगमायुक्त

**स्वच्छता को लेकर नागरिकों का पूरा समर्थन और साकारात्मक सहयोग निगमायुक्त श्रीमती यादव के साथ देखने को मिला**



स्वच्छता की अलख जगाने घर-घर दस्तक दे रहीं हैं निगमायुक्त प्रीति यादव





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्रों में बड़े जोर शोर से स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने का कार्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किया जा रहा है। इन सभी गतिविधियों और स्वच्छता के कार्यो पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और आकस्मिक रूप से कार्य स्थलों पर पहुँचकर कार्यो की गुणवत्ता एवं अन्य जानकारियॉं भी ली जा रही है। इसी कड़ी में निगमायुक्त श्रीमती यादव के द्वारा आज स्वच्छता की अलख जगाने 3 संभागों के वार्डो में भ्रमण कर लोगों के घरों में खुद दस्तक दीं और नागरिकों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुनने के उपरांत उनका समाधान करते हुए आग्रह करते हुए कहा कि शहर आपका हैं और आपके सहयोग से ही जबलपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 प्रतियोगिता में नम्बर वन बनाने का संकल्प हम लोगों ने लिया है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने घर-घर दस्तक के दौरान सभी लोगों से यह भी आग्रह किया कि आप सभी अपने अपने घरों के कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखें और कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें। निगमायुक्त ने गीले कचरे को हरे डस्टबिन में और सूखे कचरे को नीले डस्टबिन में एकत्रित कर रखने के लिए भी अनुरोध किया। घर-घर लोगों से मिलने और बातचीत करने के उपरांत स्वच्छता के संबंध में साकारात्मक सहयोग प्रदान करने निगमायुक्त ने अपील की, इसके उपरांत उन्होंने शहर को साफ स्वच्छ रखने में सहायक सिद्ध हो रहे विभिन्न प्लांटों का भी निरीक्षण किया और वहॉं के रखरखाव व्यवस्था के साथ-साथ रिकार्ड को भी चेक किया। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने ट्रीटमेंट प्लांट के अंदर जाकर भी सारी व्यवस्थाओं को बारीकी से चेक कर उचित एवं सुरक्षात्मक तरीके से देखरेख करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान शहर के सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और वहॉं की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी मुआयना किया और सारी सुविधाएँ स्थाई रूप से रखने के निर्देश प्रसाधन संचालकों एव केयरटेकर को प्रदान किये, इसपर निगरानी रखने के लिए सभी स्वास्थ्य अमले को भी निर्देशित किया। इसके उपरांत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने इमरती तालाब का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, सहायक यंत्री आदित्य सिंह बघेल, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, जी.आई.एस. एक्सपर्ट बालेन्दू शुक्ला, अंकुर खरे, सी.एस.आई. मोनिका तुकराम, राधा पवार, विष्णुकान्त दुबे आदि उपस्थित रहे।

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता मे संरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक/प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री नितिन चौधरी एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधल श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम, एस हाशमी सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में स्टेशन पुनर्विकास, कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स), फ्रेट लोडिंग, ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही की-परफॉरमेंस इन्डेक्स (केपीआई ) के सभी बिंदुओं पर फोकस रखने, गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीएसटी) एवं प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल (पीएफटी) को विकसित करने, गुड्स ट्रैफिक में इम्प्रूवमेंट एवं ट्रेनों के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा रेल कर्मियों को सेफ्टी से अनुरक्षण के दौरान मिलने वाली सुविधाओं एवं सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय एवं रेलगाड़ियों के संरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई। इसके साथ ही ट्रेनों के कवच इंस्टालेशन जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेलवे प्रोजेक्ट्स कार्यो एवं स्टेशन रिडवलपमेंट के कार्य की समीक्षा और तेजी लाने के लिए आवशयक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। महाप्रबंधक ने तीनों मण्डल पर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अधिकतम उपयोग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने के हेतु कारगर उपायों पर ध्यान दिया देने की आवश्यकता है। इसके आलावा तीनों मण्डलों को गुड्स ट्रैफिक में इम्प्रूवमेंट गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीएसटी) एवं प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल (पीएफटी) को विकसित करने के लिए निरंतर मॉनेटरिंग सुनिश्चित की जाय। इसके अलावा स्टेशन पुनर्विकास अधोसरंचना निर्माण कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने अधोसरंचना के कार्यो जैसे कवच इंस्टालेशन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने रेलवे राजस्व एवं यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के कार्य और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और तीनों मण्डल के सम्बंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये।

# फ्लाई ओवर निर्माण के चलते ध्वस्त हुई सड़कों का पुर्ननिर्माण अतिशीघ्र करने कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जनजागरण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मथुरा प्रसाद दुबे एवं उपाध्यक्ष दलवीर सिंघ जस्सल के नेतृत्व में एक ज्ञापन पीडब्लूडी के मुख्य अभियंता को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि शहर में बन रहे नए फ्लाई ओवर ब्रिज के चलते जगह-जगह पर सडकें खराब हो गयी है जिसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई गई है। ,स्कूली बच्चों एवं नोकरी पेशा लोगों को घंटों-घंटो जाम में फंसे रहना पड़ता है। मुख्य अभियंता ने बताया की 28 फरवरी को संपूर्ण फ्लाई ओवर ब्रिज सामान्य जनों के लिए सुचारू रूप से यातायात के लिए शुरू कर दिया जायेगा साथ ही नियम अनुसार मजबूत सडकों के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। एवं अभी के लिए सड़कों की मरम्मत कार्य भी एक सप्ताह के अंदर करा दिया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेसज मनोज यादव, संजय वर्मा, नीलू सोनकर, कृष्णा गुप्ता, मो. शरीफ कुरैशी, शाकिर कुरैशी, आशीष नेल्सन, किशोरी सिंह, नजर अली, महेश दत्त राय, अल्गेशन पिल्ले आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**यूनिपोल हादसे में मृतक के परिवार को रेडक्रास से 50 हजार पर मुआवजा मिलेगा**

# यूनिपोल-होर्डिंग भी जाँच हेतु 24 घंटों के भीतर नई समिति गठित होगी

**समिति को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रखुत करने होंगे**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महापौर जगत बहादुर सिंम भन्नु ने आज चर्चा के दौरान घोषणा की, कि यूनिपोल/ओर्डिंग के जाँव हेतु 24 घंटों के भीतर गई समिति का गठन किया जावेगा, तथा इस समिति को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्राातुत करने के निर्देश देणे। समिति में इंजी. वमलेश शर्मा के शामिल किया जावेगा। उन्होंने कलेक्टर दीपक सक्सेना को दूरभाष पर चतावा की 18 जनवरी को यूनिपोल के हादसे में फैक्ट्री कर्मचारी की गई मौत के पटण उनका परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। अत: उन्हें तत् मदत करना जरुरी है। कलेक्टर से विचार विमर्ष के बार महापौर ने घोषणा की मृतक के परिवार को रेडक्रास के माध्यम से तत्वाल 50 हजार रुपयों की राशि प्रदान की जायेगी। महापौर वे तदानुसार अधिनरतों को कार्यवाही के निर्देश जारी किये। इसके पूर्व में ज्ञानरिक उपभोक्ता प्रार्थका मंच, माक्षीय वरिष्ठ नागरिक एखोलिएशन तथा नहिला समिति के प्रतिनिधियों ने महापौर से उनके निवास रयान पर मुआवरत कर चर्चा की। डॉ. पी.जी. माजपांडे ने बताया की 3 जुलाई 2024 से जाँच समिति का गठन किया गया था, जिसमें जबर विजम शेत्र के अंतर्गत समस्त पैच/अवैध यूनिपोल होर्डिंग को चिन्हित कष्ट जाँच करने के आदेश दिये कते थे। समिति के अधिक्षण यंत्री अजय शर्मा 30 भगदत थे वैवानिवृत्त हो गये ने, लेकिन उनके जगह किसी की भी नियुक्ति नहीं की गई थी।रामिति की रिपोर्ट तथा उस पर की नई कार्यवाही बायद् जानकारी ज तो महापौर व ही सदन को सुचित की गई। समिति की बैठक हुई लेकिन रिपोर्ट पार्कलों में दया दी गई। महापौर से चर्चा में एड. वेदप्रकाश अधौलिया, बुशीला कनौजिया, संतोष श्रीवादाय, हरजीवन विश्ववर्जा, विज्ञायक राय सोद्यते तथा आरके सिंग भी शानित दे।



# सशक्त हस्ताक्षर की 32 वीं काव्य गोष्ठी सम्पन्न

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सशक्त हस्ताक्षर की 32 वी काव्य गोष्ठी जानकीरमन महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। संस्थापक गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने अतिथियों, साहित्यकारो का अभिनंदन किया । सरस्वती वंदना हिंदी-बुंदेली की कवयित्री तरूणा खरे ने प्रस्तुत की ?

मुख्य अतिथि कवि, व्यंग्यकार सुरेश मिश्र विचित्र थे।अध्यक्षता आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि कवयित्री श्रीमती वंदना सोनी विनम्र,डॉ. सलपनाथ यादव, सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण विशिष्ठ अतिथि डॉ. सलपनाथ यादव, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, शरदचंद पालन,राज सागरी थे।

वक्ताओं ने कहा कि कविता की रसानुभूति से मन में आंनद भाव का संचार होता है। साथ ही जीवन जगत की विविधताओं का ज्ञान भी मिलता है।

समारोह में पूर्व जज मीना भट्ट, सुशील श्रीवास्तव, अभिमन्यु जैन,पूर्व प्राचार्य यशोवर्धन पाठक, विजय तिवारी किसलय, सिद्धेश्वरी सराफ शीलू की गरिमामय उपस्थिति रही ?

पाथेय द्वारा गाडरवारा से पधारे हास्य व्यंग्य के कवि विजय बेशर्म को सम्मानित किया गया ? गोष्ठी का शुभारंभ कछार गाँव से पधारे संगठन सचिव अखिलेश खरे अखिल ने दोहों से किया । बुंदेली के प्रसिद्ध कवि दीनदयाल तिवारी बेताल, महासचिव जी. एल. जैन,प्रकाश सिंह ठाकुर,अमर सिंह वर्मा, लखन रजक, संदीप खरे युवराज, कवि संगम त्रिपाठी, तरुणा खरे,चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अरूण शुक्ल, विवेक चौकसे रविप्रकाश श्रीवास्तव, कालीदास ताम्रकार काली, कृष्णा राजपूत, आशा मालवीय, आनंद शर्मा,डॉ.उदयभानु तिवारी , योगेन्द्र मालवीय,बालमुकुंद लखेरा ने भावप्रधान रचनाये प्रस्तुत की । यू. एस. दुबे,पूर्व जज पुरुषोत्तम भट्ट,अशोक कुमार जैन ने कवियों का अभिनंदन किया।संचालन गणेश श्रीवास्तव प्यासा, आभार प्रदर्शन अध्यक्ष मदन श्रीवास्तव ने किया ?

# जूडो- जिला स्तरीय प्रतियोगिता 26 एवं 27 को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला जूडो संघ व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 26 एवम् 27 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन श्री त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज जबलपुर में किया जा रहा है। जिला संघ के सचिव व जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि उक्त स्पर्धा सब-जूनियर, केडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विभिन्न आयु एवं भार वर्ग में आयोजित की जा रही है, जिसमें कि जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय जूडो स्पर्धा जो कि आगामी दिनों में इन्दौर में आयोजित है, में जिला जूनियर टीम का चयन भी उक्त स्पर्धा के दौरान किया जायेगा। जो भी खिलाड़ी या संस्था उक्त प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वे संघ के सचिव से सम्पर्क कर अपना पंजीयन करा लेवें, बिना पंजीयन के कोई भी खिलाड़ी उक्त स्पर्धा में भाग नहीं ले सकता । स्पर्धा के समस्त खिलाड़ियों का वजन 25 जनवरी 2025 (शनिवार) को शाम 4 बजे से त्रिभुवनदास मालपाणी स्कूल, मिलौनीगंज में लिया जायेगा।

# केंटोंमेंट वार्डों की समस्याओं को लेकर केंट सी.ई.ओ. को सौंपा गया ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गत दिवस केंट विधानसभा के विधायक श्री अशोक रोहाणी जी के द्वारा केंटोंमेंट वार्डों के अतंर्गत व्याप्त समस्याओं को लेकर केंट सी.ई.ओ. के साथ चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न प्रकार की समस्याएं पर चर्चा हुई जैसे- कवर्धा हाउस में बंद पड़ी बोरिंग को चालू कराने का कार्य, टी.एन. टी. कॉलोनी के पीछे कचरे ढेर को स्थानांतरित कराये जाने का कार्य, वार्ड नं. 01 में कवर्धा हाउस बैरिक नं. 30 नेहरू नगर बड़े नाले की साफ सफाई कराये जाने का कार्य, कवर्धा हाउस में बड़े नाले के ऊपर पुलिया क्षतिग्रस्त अवस्था में है, इसके निर्माण का कार्य, केंटोंमेंट वार्डों में स्ट्रीट लाईट बंद पड़ी हुई है, उसे चालू कराये जाने का कार्य, वार्ड नं. 01 नेहरू, नगर में सार्वजनिक शौचलय में सेप्टिक टैंक की मरम्मत की जाए. गोराबाजार गार्डनों के जीर्णोद्धार का कार्य एवं केंट में सिविल एरिया की रजिस्ट्ररी में को पुन: शुरू कराये जाने को कहा गया। इस अवसर पर गण्डल अध्यक्ष आशीष राव, सुंदर अग्रवाल, अजय पदम, संजय जैन, गोविंद यादव, संजय कपूर, वेद महावर, शेखर पिल्ले, ज्योति रेड्डी, राजेश श्रीवास, बलराम बाल्मीक, ऋषि वावरिया, सुरेश रजक, लता रजक, सुशील जाटव, चमन रजक, आसिफ हैदर, विनेश राव, बन्टी शिवहरे एवं हेमंत केशरवानी सहित अन्य भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पमरे के श्री महावीरजी स्टेशन पर पासनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का प्रायोगिक हाल्ट प्रारम्भ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली भावनगर-आसनसोल-भावनगर परासनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के श्री महावीरजी स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में अगले आदेश तक के लिए ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिनकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार है।

प्रभावी तिथियों से श्री महावीरजी स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय-सारणी निम्नानुसार-

गाड़ी संख्या 12941 भावनगर-आसनसोल एक्सप्रेस का दिनाँक 22 जनवरी 2025 से आगमन/प्रस्थान समय सुबह 11-58/12-00 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 12942 आसनसोल-भावनगर एक्सप्रेस का दिनाँक 24 जनवरी 2025 से आगमन/प्रस्थान समय दोपहर 15-13/15-15 बजे रहेगा। यात्री प्रायोगिक ठहराव की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस/रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन से भी प्राप्त कर सकते है।



बीना (आरएनएस)। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने रविवार को खुरई के मालथौन का दौरा किया। उन्होंने सर्वप्रथम मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अमझरा घाटी के हनुमान मंदिर में दर्शन किए। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया और वहीं भोजन भी ग्रहण किया। इसके उपरांत उमा भारती मालथौन रेस्ट हाउस पहुंचीं। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्प मालाओं से स्वागत किया। अपने दौरे के दौरान वह मालथौन के प्रसिद्ध गऊधा धाम भी गईं।



**इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने बुधवार को इंटरेक्टिव सेशन-मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर होगा प्रजेन्टेशन**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में करेंगे निवेशकों और उद्योगपतियों से संवाद

भोपाल- (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। राज्य में निवेश की संभावनाओं को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए 22 जनवरी को पुणे में इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस सत्र में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। राज्य में निवेश के अनुकूल वातावरण पर चर्चा होगी। यह सत्र पुणे के होटल रिट्ज़ कार्लटन में होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे और कुशल मानव संसाधन के माध्यम से निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक राज्य को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए यह सत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, और कोयंबटूर में इंटरेक्टिव सेशन आयोजित किए जा चुके हैं, जो निवेशकों के साथ मजबूत संवाद स्थापित करने में सफल रहे हैं। यह प्रयास प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 24 और 25 फरवरी में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का हिस्सा है। देश-



विदेश के निवेशकों में काफ़ी उत्साह है। मध्यप्रदेश, अपने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों और विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे के साथ, निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

पुणे में इंटरेक्टिव सेशन में उद्योग जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के चेयरमैन श्री संजय किर्लोस्कर विशेष अतिथि होंगे, जबकि पिनेकल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन श्री सुधीर मेहता नेटवर्किंग डिनर की मेजबानी करेंगे। फोर्स मोटर्स के चेयरमैन डॉ. अभय फिरोदिया और ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हिरोशी योशिजाना भी इस सत्र में अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे।

सत्र में मध्यप्रदेश में फिनटेक, आईटी, आईटीईएस, एग्रीटेक, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मा, स्वास्थ्य सेवाओं, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन, कौशल विकास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग और एमएसएमई श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह एडवांटेज एमपी और राज्य में निवेश के अवसरों पर प्रकाश डालेंगे। एडिशनल मैनेजिंग डायरेक्टर पर्यटन विभाग श्रीमती बिदिशा मुखर्जी पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के अवसरों की जानकारियां देंगीद्य अतिरिक्त मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम सेक्टर में निवेशकों को राज्य की नीतियों और परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी देंगे। मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री चंद्रमौली शुक्ला, वाईस चेयरमैन, सीआईआई पुणे एवं कार्यकारी निदेशक, आरएसबी ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड श्री रजनीकांत बेहरा शामिल रहेंगे।

**सिकल सेल मुक्त भारत अभियान में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य**

भोपाल -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिकल सेल मुक्त भारत अभियान में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बनने पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। स्वास्थ्य और उपचार के क्षेत्र में रोग की समय पर पहचान और रोकथाम पर जोर दिया जा रहा है। इसक्रम में वर्ष 2024-25 में 90 लाख से अधिक स्क्रीनिंग के साथ रक्त रोग सिकल सेल की स्क्रीनिंग में मध्यप्रदेश ने अग्रणी राज्य बनने की उपलब्धि प्राप्त की है। इस उपलब्धि के लिए समर्पित सभी अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रक्त रोग सिकल सेल एनीमिया के बचाव के लिए नागरिकों से जागरूक रहने का आहवान किया है। मध्यप्रदेश में अब तक कुल 90 लाख 98 हज़ार 902 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इसके साथ ही 53 लाख 87 हज़ार 892 सिकल सेल कार्ड (59.21त्न) वितरण की उपलब्धि दर्ज कर, मध्यप्रदेश ने देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

# सीएम राइज स्कूल में कान्वेंट स्कूलों जैसी मिलेगी शिक्षा - उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**पीके सीएम राइज स्कूल रीवा में बस सेवा का किया शुभारंभ**



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सीएम राइज स्कूल में आधुनिक शिक्षा के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन स्कूलों में गरीब परिवार सहित सभी बच्चों को कान्वेंट स्कूलों जैसी शिक्षा मिलेगी। पीके सीएम राइज स्कूल में 54 करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त भवन बनाया जा रहा है। इसमें लगभग पाँच हजार छात्राओं को अच्छी शिक्षा की सुविधा मिलेगी। सीएम राइज पीके स्कूल रीवा में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने चार बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भवन निर्माण पूरा होने पर यहाँ से 18 बसें संचालित करके आसपास के 10 किलोमीटर की परिधि की छात्राओं को आवागमन की सुविधा देकर शिक्षा दी जाएगी। पीके स्कूल रीवा शहर का गौरव है। इसमें आधुनिक मैकेनाइज्ड किचन तथा ऑडिटोरियम का भी निर्माण कराया जा रहा है। इसी स्कूल की छात्रा सुश्री आयशा अंसारी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके डिप्टी कलेक्टर का पद पाया है। उप मुख्यमंत्री ने सुश्री आयशा अंसारी को सम्मानित किया। नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय स्थानीय जनप्रतिनधिगण, शिक्षकगण तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

# दुर्घटना में मृत भिखारी निकला हस्तशिल्प विभाग का पूर्व अधिकारी

भोपाल (आरएनएस)। डिपो चोराहे के पास शुक्रवार देर रात सडक़ दुर्घटना में मारे गए जिस भिखारी के शव की शिनाख्त के लिए पुलिस परेशान थी उसका हैरान करने वाला सच सामने आया है। यह शव हस्तशिल्प विभाग के एक पूर्व अधिकारी का था। बेहद संपन्न परिवार में जन्में इस व्यक्ति के भाई बहन सरकार में बड़े पदों पर हैं। मृतक की पहचान कमल सिंह देवांगन के रूप में हुई है। टीटी नगर थाने के एएसआई नीलेश काकोडिय़ा ने बताया कि कमलसिंह के पिता नोहरसिंह देवांगन अविभाजित मध्यप्रदेश के समय मंत्रालय में सचिव थे। उनके चार बेटे और एक बेटी सरकारी महकमों में उच्च पदों पर पदस्थ थे। खुद कमलसिंह भी हस्तशिल्प विभगा में अधिकारी थे। प्रदेश का बंटवारा हुआ तो उन्हें छत्तीगसढ़ के हिस्से में डाल दिया गया। कमलसिंह भोपाल छोडक़र नहीं जाना चाहते थे, लिहाजा उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। उन्होंने कभी शादी भी नहीं की थी। कोई दूसरा काम नहीं मिला। कुछ वर्षों तक टीटीनगर स्थित सरकारी आवास में वे परिवार के साथ रहे, बाद में संबंध बिगड़े तो एक किराये के मकान में रहने चले गए। आय का कोई जरिया नहीं था ऐस में उनके सामने भीख मांगने की नौबत आग ई। वे मांगकर खाते और फुटपाथ पर सोकर अपना जीवन गुजार रहे थे। गत रात डिपो चौराहे के पास एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर उनकी सडक़ पर ही मौत हो गई। भोपाल मं रहने वाले कमलसिंह क छोट े भाई मोहनसिंह ने बताया कि वह 18 वर्षों से उनके संपर्क में नहीं थे। हालांकि खनिज विभाग से सेवानिवृत्ति उनकी बहन मंजू रक्षाबंधन जैसे त्यौहारों पर उनकी खोजकर मिल लेती थी। पुलिस ने 40 घंटे की मशक्कत के बाद उनके परिवार का पता लगाकर शव सौंपा। रविवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# सहयोग क्रीडा मंडल की यात्रा के बारे में युवा पीढ़ी को जानना ज़रूरी- मंत्री पटेल

भोपाल-(आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नरसिंहपुर में राष्ट्रीय ध्वज एवं खेल ध्वज फहराकर ऑल इंडिया प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का आयोजन सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगाँव और मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगाँव में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम में सहयोग क्रीड़ा मण्डल के गठन से लेकर अब तक सहयोगी के रूप में शामिल वरिष्ठजनों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि



सहयोग क्रीडा मंडल का गठन वर्ष 1982 में हुआ। इसके बाद से यह क्रीडा मंडल लगातार प्रतियोगिताओं का आयोजन बखूबी करता आ रहा है। अब तक जिन सहयोगियों ने आयोजन में योगदान दिया वह अविस्मरणीय है। युवा पीढ़ी को सहयोग की इस परम्परा एवं सहयोगियों के योगदान को जानना होगा।

मंत्री श्री पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मैराथन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मैराथन में इटारसी, मैहर, नरसिंहपुर, जबलपुर, छिन्दवाड़ा एवं भोपाल के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

चार दिवसीय आयोजन में पुरुष, महिला एवं बालक (14 वर्ष से कम) वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता कराई जा रही है। साथ ही चौपड़, तवा, गोला व भाला फेंक, पुरुष एवं महिला वर्ग में ऊंची और लंबी कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर विधायक श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल समेत जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# भारत की एकता, सम्मान, गौरव के प्रतीक हैं सैनिक और खिलाड़ी : दत्तात्रेय होसबाले

भोपाल (आरएनएस)।एक सैनिक और खिलाड़ी राष्ट्र का ध्वज लेकर चलते हैं। वे देश के किसी भी कोने से आये हों, वे किसी जाति-भाषा के नहीं अपितु देश के होते हैं। ऐसे सैनिकों और खिलाड़ियों के प्रति देश के नागरिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। सैनिक और खिलाड़ी भारत की एकता, सम्मान और गौरव के प्रतीक हैं। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने क्रीडा भारती के 'जिजामाता सम्मान' समारोह में व्यक्त किए। समारोह का आयोजन रविन्द्र भवन, भोपाल में हुआ, जिसमें 6 खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख भाई मांडविया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री चेतन कश्यप उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि पदक विजेता खिलाड़ियों को जिन्होंने तैयार किया, उनके परिश्रम और संघर्ष को चिन्हित करना और उसे सम्मान देना, यह बहुत महत्व की बात है। हम जानते हैं कि जिजामाता ने प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने बेटे को छत्रपति बनाया। जिजामाता श्रेष्ठ माँ के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी थीं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब की कैद में थे तब जिजामाता ने राज्य का कुशलता से संचालन किया। जिजामाता ने संकल्प लिया था कि मेरा बेटा किसी की नौकरी नहीं करेगा। वह शासक बनेगा और समाज की सेवा करेगा। जिजामाता दृढ़ संकल्प की उदाहरण हैं। यह सभी गुण हमें शिवाजी महाराज के जीवन में दिखाई देते हैं। जिजामाता ने शिवाजी महाराज को बचपन से ही रामायण और महाभारत की कहानियां सुनाकर उन्हें बताया कि शिवाजी महाराज को कैसा बनना है। उन्होंने कहा कि कुछ ही खेलों का आगे बढ़ना हितकारी नहीं है। सभी खेलों को आगे बढ़ना चाहिए। प्रसंगवश उल्लेख करना चाहूंगा कि आज खो-खो का पहला विश्व कप दिल्ली में सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतियोगिताओं की मैडल टैली में अब भारत ऊपर आता दिख रहा है, यह हम सबको प्रसन्नता देता है। क्रीड़ा भारती के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में संस्कार और संस्कृति रहे। देश का सम्मान और गौरव बढ़ाने का भाव खिलाड़ियों के मन में आये। इस तरह के उद्देश्य से क्रीड़ा भारती काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के सद्गुणों का केंद्र परिवार होता है। क्रीड़ा भारती का एक उद्देश्य यह भी है कि हमारे यहां परिवारों में इस प्रकार का वातावरण बने, जिसमें युवाओं का संस्कार हो। आज के समय में ध्यान आ रहा है कि युवाओं के जीवन में गलत आदतें आ रही हैं। मोबाइल फ़ोन ने उनकी चंचलता को बढ़ा दिया है। अगर परिवार का वातावरण सकारात्मक होगा तो देश को संस्कारित युवा मिलेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मानित माताओं को बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफ्लता में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने श्रीकृष्ण के जन्म का उदाहरण देकर बताया कि देश और धर्म के लिए माता देवकी ने 7 पुत्रों की हत्या के बाद ही हिम्मत रखी और आठवीं संतान के रूप में श्रीकृष्ण को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार खेलों और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

इस प्रसंग पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख भाई मांडविया ने कहा कि क्रीड़ा भारती का यह कार्यक्रम प्रेरक है जो खिलाड़ियों की माताओं के योगदान के महत्व को स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि खेल सार्वजनिक जीवन का हिस्सा है। खेल संस्कार निर्माण का आधार भी है। खेल हमारे व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी जब पदक जीतकर तिरंगा लहराते हैं तो जो गौरव उनके माता-पिता को होता है, उससे अधिक गौरव की अनुभूति देश को होती है। उन्होंने कहा कि माँ का सम्मान करो तो वह जिजामाता की तरह छत्रपति शिवाजी महाराज गढ़कर देगी।

# सडक़ों व खेतों में भटक रहे सात लाख गोवंश, हर दिन मर रही गायें

भोपाल (आरएनएस)। बीसवीं पशुगणना के मुताबिक प्रदेश में करीब दो करोड़ गौवंश हैं। यह एक समृद्ध प्रदेश की तस्वीर हो सकती है। लेकिन इसका दूसरा पहलू चिंताजनक है। इनमें से सात लाख से अधिक गौवंश सडक़ों और खेतों में निराश्रित भटक रहे हैं। सडक़ों पर लगभग प्रतिदिन ऐसी गायों का खून बह रहा है। वर्ष 2024 में जबलपुर उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सरकार से पूछा था कि सडक़ों पर इतने गौवंश क्यों हैं? नोटिस के बाद सरकार ने भोपाल से जुड़ी पांच प्रमुख सडक़ों पर एक संक्षिपत सर्वे किया था। सामने आया कि केवल 65 दिनों में सीहोर, देवास, रायसेन, विदिशा और राजगढ़ जिले में 164 गौवंश सडक़ों पर वाहनों से कुचलकर मारे गए हैं। 526 घायल हुए हैं। सीहोर से मिली जानकारी में बताया कि पिछले छह महीनों में अकेले उस जिले की सडक़ों पर 93 गायों की मौत दुर्घटनाओं में हुई है। वहीं 295 घायल हुई हैं। रायसेन में गत दिवस आधी रात को हुए सडक हादसे में 13 गायों की मौत् हो गई। पांच गायें घायल हैं। इन हादसों को रोकने की जिनकी जिम्मेदारी थी, वे अब भी बेपरवाह बने हुए हैं।

# मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद के पुरस्कारों के लिये पुस्तकें आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी

भोपाल (आरएनएस)मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय और 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने हैं। एक जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 10 फरवरी तक आमंत्रित की गई हैं।

निदेशक, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि उर्दू अकादमी द्वारा अखिल भारतीय पुरस्कार और प्रादेशिक पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने अखिल भारतीय पुरस्कार में 51 हजार रूपये और प्रादेशिक पुरस्कार में राशि 31 हजार रूपये दी जायेगी।

अखिल भारतीय पुरस्कार में मीर तकी मीर पुरस्कार (उर्दू शायरी), हकीम कमरूल हसन पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता, शोध एवं आलोचना), हामिद सईद खाँ पुरस्कार (कहानी, लघु कथा), शादाँ इन्दौरी पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), जौहर कुरैशी पुरस्कार (हास्य व्यंग्य), इब्राहीम यूसुफ पुरस्कार (नाटक, दास्तान) और प्रादेशिक पुरस्कार में सिराज मीर खाँ सहर पुरस्कार (उर्दू शायरी), बासित भोपाली पुरस्कार (कहानी लघु कथा), मोहम्मद अली ताज पुरस्कार (रखाचित्र, रिपोर्ताज़), नवाब सिद्दीक हसन खाँ पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता (उर्दू पत्रिका) शोध व आलोचना), शैरी भोपाली पुरस्कार (बाल साहित्य), कैफ भोपाली पुरस्कार (उर्दू शिक्षक), शम्भू दयाल सुखन पुरस्कार (अ-उर्दू भाषी लेखकों / शायरों की कृति), शिफा ग्वालियरी पुरस्कार (प्रदेश के लेखक / शायर की पहली कृति), जाँ निसार अख़्तर पुरस्कार (रसाई साहित्य; रसाई, नात, उर्दू साहित्य/शायरी की एक विद्या), पन्नालाल श्रीवास्तव नूर पुरस्कार (आत्मकथा, संस्मरण), सूरज कला सहाय पुरस्कार (यात्रा क्रतांत), नवाब शाहजहाँ बेगम ताजवर पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), निदा फ़ाज़ली पुरस्कार (उर्दू न म, दोहा, रूबाई) शामिल हैं।

लेखक 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक प्रकाशित पुस्तकों की चार-चार प्रतियाँ निर्धारित फार्म भरकर 10 फरवरी, 2025 तक कार्यालय, म.प्र. उर्दू अकादमी, मुल्ला रमूज़ी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल अनिवार्य रूप से भेंजे। निर्धारित फार्म उर्दू अकादमी की वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

# तीन नए आपराधिक कानून वर्तमान समय की आवश्यकता और चुनौतियों के अनुरूप : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप देश में तीन नए आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन जा रहा है। वर्तमान समय की आवश्यकता और चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए यह कानून, भारतीय न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक मानसिकता से निकालकर अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। राज्य सरकार इन कानूनों को प्रदेश में शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। देश में जुलाई 2024 से नए कानूनों का क्रियान्वयन आरंभ हुआ। यह कानून, क्रियान्वयन के साथ ही प्रदेश में प्रभावी हों, इस उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा आवश्यक गतिविधियों का संचालन पहले से ही आरंभ कर दिया गया था। जन-जन को नए कानूनों की जानकारी देने और थाना स्तर तक उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पांच आयामी रणनीति पर कार्य किया गया। जन-जागरूकता, प्रशिक्षण, व्यवस्था और तकनीकी उन्नयन, उपकरण और भौतिक संसाधन, नवीन पदों का सृजन और राज्य स्तर से नियम और अधिसूचनाएं जारी करने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से उनकी प्रगति सुनिश्चित की गई। केन्द्र सरकार ने तीनों नए आपराधिक कानूनों, क्रमश: भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की सराहना की है।

**नए कानूनों में साइबर अपराध, डाटा चोरी और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे अपराधों के लिए हैं प्रभावी प्रावधान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए कानूनों में साइबर अपराध, डाटा चोरी और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे नए युग के अपराधों को परिभाषित करते हुए उनके लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। यह कानून, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले मामलों की त्वरित सुनवाई और सख्त दंड सुनिश्चित करते हैं, इनमें बलात्कार जैसे अपराधों के लिए समयबद्ध जांच और सुनवाई के प्रावधान जोड़े गए हैं। नए कानूनों के माध्यम से डिजिटल तकनीक और प्रक्रियाओं के सरलीकरण के जरिए मामलों को तेजी से निपटाने का भी प्रयास किया गया है। वास्तविकता है कि पुराने कानून जटिल थे और जनता के लिए समझने में भी कठिन थे, परिणामस्वरुप न्याय प्रक्रिया लंबी हो जाती थी और पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिल पाता था। पीड़ित को तत्काल न्याय और दोषियों को दंड, अपराधियों में कानून का भय व्याप्त करने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनाने में सहायक होगा। इससे प्रदेश में निवेश, उद्योग और विकास गतिविधियों के विस्तार में भी सुविधा होगी।

**पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों के वार्षिक कोर्स कैलेंडर में शामिल किया गया है नए कानूनों पर प्रशिक्षण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जन-सामान्य को राहत पहुंचाना, नए कानून लागू करने का मुख्य उद्देश्य है। अत: जन-सामान्य में कानून के प्रति जागरूकता के लिए पोस्टर प्रदर्शनी, ग्रुप डिस्कशन और लघु फिल्मों के माध्यम से विशेष अभियान चलाया गया। इसके साथ ही पुलिस, अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। अब तक 87 हजार से अधिक को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। प्रदेश की सभी पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों के वार्षिक कोर्स कैलेंडर में भी प्रशिक्षण को सम्मिलित किया गया है।

**ई-एफआई.आर की सुविधा आमजन के लिए वरदान**



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अंदरूनी मुश्किलों का इज़हार खुल कर हुआ। पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है। ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय क्रिकेट टीम हार जाए, यह अनहोनी नहीं है। हालांकि पिछले दो दौरों में टीम वहां विजय पताका लहरा कर लौटी, मगर उसके पहले का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। वैसे भी हार-जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए पराजय पर हाय-तौबा की जरूरत नहीं होती। मगर ऑस्ट्रेलिया के खत्म हुए ताजा दौरे में बात सिर्फ यह नहीं है कि भारत ने 1-3 से सीरीज गंवा दी। बात टीम की अंदरूनी मुश्किलों की है, जिसका इज़हार खुल कर हुआ। पहले तो शृंखला के बीच में ही रविचंद्रन अश्विन रिटायरमेंट का एलान कर भारत लौट गए। उनके और उनके परिजनों से बयानों से साफ है कि अश्विन टीम में खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस कर रहे थे। अश्विन का रिकॉर्ड मैच विनर का रहा। पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वे चंद गेंदबाजों में हैं, जिन्होंने 500 से ज्यादा विकेट लिए। भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले वे दूसरे खिलाड़ी रहे। ऐसे खिलाड़ी की बे-आबरू विदाई टीम प्रबंधन पर कलंक छोड़ गई। मगर बात वहीं तक नहीं रुकी। अंतिम टेस्ट मैच आते-आते तो हालात ऐसे बने कि कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा को ही खेलने वाले 11 खिलाडियों से बाहर करने का अभूतपूर्व फैसला ले लिया। इसके बावजूद सिडनी टेस्ट में भारत की बुरी हार हुई। उसके साथ ही टीम के टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की बची-खुची उम्मीदें भी धूल में मिल गईं।

# मुफ्त की होड़ में दिल्ली के बुनियादी मुद्दे गायब ?

कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है।

सड़क से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दे की जगह मुफ्त की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिये एक चिन्ता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है। राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं एवं नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित एवं अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये बढ़-चढ़कर मुफ्त संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वे उन क्षेत्रों को रेखांकित करती जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वे मतदाताओं के समक्ष बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात को बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडम्बना एवं त्रासदी ही है। यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास एवं प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर फ्री की सुविधाओं पर ही केन्द्रित है, भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे एवं विकास की तस्वीर कैसे बनेगी? कभी-कभी लगता है समय का पहिया तेजी से चल रहा है जिस प्रकार से घटनाक्रम चल रहा है, वह और भी इस आभास की पुष्टि करा देता है। पर समय की गति न तेज होती है, न रुकती है। हां चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गई है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीतिक अपराधीकरण एवं दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं। दिल्ली की मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि मुफ्त की संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है लेकिन फिर भी अनपढ़ एवं गरीब मतदाता फ्री की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है जो उन्नत सड़के, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिये यमूना में बढ़ता प्रदूषण भी चिन्ता का एक कारण है। समय पर जल आपूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिये उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है,

## बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

सामाजिक ताने बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मौहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवष्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरुरत के समय पहुंच जाते थे। सुख दुख खासतौर से मुसिबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हांलाकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढना लगभग असंभव सा ही है। दरअसल हमारी परंपरा व्यस्टी का ना होकर समस्टी की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मौहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मौहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख दर्द में पूरा मौहल्ला साथ हो जाता था। मौहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो केटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मौहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरु करते ही मौहल्ले के लोग बारी बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगन चुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक दूसरे को पहचानते ही नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल मिलाप की बात करना बेमानी होगा।

## क्या इरडा बीमा कंपनियों की नकेल कस सकेगा?

बीमा कंपनियों के बारे में हाल ही में इरडा (भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण) ने एक रिपोर्ट जारी की है कि बीमा कंपनियां बीमा खरीदार द्वारा किए 100 रूपये के भुगतान पर 86 रूपये ही क्लेम देती हैं। इस रिपोर्ट में और भी बहुत कुछ है किंतु इरडा ने यह नहीं बताया कि कम भुगतान करने वाली कंपनियों पर इरडा क्या कार्रवाई कर रही है? कितने मामलों में उसने पूरा भुगतान कराया? इस व्यवस्था में सुधार के लिए उसके द्वारा किए गए निर्णय क्या हैं? बिल प्राप्त हो जाने के बाद बिलों भुगतान क्यों नहीं हो रहा? भुगतान में विंलब की अवधि का उपभोक्ता को सूद क्यों नहीं दिलाया जा रहा?

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में सामान्य बीमा कंपनियों ने पॉलिसीधारकों को दावे के एवज में 76,160 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह 2022-23 की तुलना में 18 फीसदी अधिक है।

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया। प्रति क्लेम औसत रकम 31,086 रुपये रही। विश्लेषकों का कहना है कि प्रीमियम लेने और दावों के निपटान में क्रमशः 100 फीसदी और 80 फीसदी का औसत ठीक-ठाक है।

कुल दावों में से 72 फीसदी थर्ड पार्टी (टीपीए) ने निपटाए। बाकी 28 फीसदी दावों का निपटान कंपनियों ने अपने तरीके से किया। 66.16 फीसदी दावे कैशलेस तरीके से निपटाए गए, जबकि 39 फीसदी में रिइंबर्समेंट मिला।

सरकारी कंपनियों का क्लेम 100 रुपये के प्रीमियम के एवज में 90 रुपये से अधिक रहा है। नेशनल इंश्योरेंस ने 100 रुपये प्रीमियम लेकर 90.83 रुपये क्लेम दिया है। न्यू इंडिया ने 105.87 रुपये, ओरिएंटल ने 101.96 रुपये और यूनाइटेड इंडिया ने 109 रुपये क्लेम दिया है। सभी सरकारी बीमा कंपनियों का क्लेम औसत 103 रुपये रहा है। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। ये इरडा की रिपोर्ट है, जबकि सच्चाई कुछ और है। आप क्लेम मांग कर देखिए, ये कंपनियां कितना परेशान करती हैं। उपभोक्ता के बिल में मनमर्जी की कटौती तो आम बात है। इरडा जो बीमा कंपनियों पर नियंत्रण करती है। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाती है। उसका कार्य है कि बीमा कंपनियों द्वारा अवैध रूप से रोके गए भुगतान दिलाए। उसके नियंत्रण के बावजूद क्यों नहीं बीमा कंपनियों पर सही से नियत्रंण नही हो रहा। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियां 100 रूपये के प्रीमियम पर 86 रूपया ही क्लेम दे रही है।

## महाकुम्भ 2025-विदेशी मीडिया ने जानी दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की भव्यता

प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ 2025 की भव्यता और महत्व को लेकर योगी सरकार देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान में जुटी है। इसी कड़ी में सोमवार को नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय जवाहर लाल नेहरू भवन में विदेशी मीडिया के समक्ष महाकुम्भ की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विशेषताओं को प्रस्तुत किया गया। प्रयागराज में आयोजित हो रहे विश्व के सबसे बड़े आयोजन को धर्म, संस्कृति और आत्म-खोज के प्रतीक के रूप में बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च अधिकारियों ने विदेशी मीडिया को महाकुम्भ की भव्यता की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विदेशी मीडिया के समक्ष जानकारी देते हुए बताया गया कि महाकुम्भ 2025 मानवता के इतिहास में सबसे बड़े आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक समागमों में से एक है। यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित हो रहा है। इसकी पौराणिक जड़ें समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हैं, जिसमें अमृत कलश से चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में अमृत की बूंदें गिरी थीं।

## महिलाओं की सहभागिता और योगदान

मो. नजीब अहसन

21वीं सदी का यह दौर मानवता के इतिहास में एक ऐसा समय है, जब दुनिया भर में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन तेजी से हो रहे हैं।

ऐसे में जब भी बात महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सशक्तिकरण की होती है, तो यह एक ऐसे संघर्ष की कहानी बयां करता है, जो सदियों से चली आ रही है। विश्व के कई देशों में आज भी महिलाएं समानता, स्वतंत्रता और अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। अलबत्ता इस वैश्विकी संघर्ष के बीच भारत ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई इबारतें लिखी हैं और अनोखी पहचान बनाई है। इस लिहाज से भारत की चर्चा का खास महत्त्व है। महिलाओं की सहभागिता और योगदान ने यहां के पारंपरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने को मजबूती दी है।

मौजूदा संदर्भ में बात करें तो भारत का परिदृश्य बदल चुका है। यह बदलाव केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं, बल्कि समाज और देश की प्रगति के लिए एक नये युग की शुरु आत का संकेत है। भारत में महिला सशक्तिकरण की कहानी केवल संघर्ष और चुनौतियों तक सीमित नहीं है। यह वह समय है, जब भारतीय महिलाएं परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए अपनी पहचान को नये सिरे से गढ़ रही हैं। इस दौर में जब वैश्विकी मंच पर महिला सशक्तिकरण की बातें हो रही हैं, भारत ने न केवल अपनी महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है, बल्कि यह दिखाया है कि बदलाव संभव है। एक ऐसा ही उदाहरण है, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान, जो एक प्रेरणादायक बदलाव का प्रतीक बनकर उभरा है। यह ऐतिहासिक पहल पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में महिलाओं की साहसिक दस्तक है, जो न केवल परंपराओं को चुनौती देती है, बल्कि नये आयाम भी गढ़ती है। उत्तराखंड के गंगोत्री से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक 2,500 किलोमीटर की यात्रा न केवल साहसिक है, बल्कि प्रेरणादायक भी। यह अभियान उन्हें साहस, सामूहिकता और नेतृत्व की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ गंगा के प्रवाह को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में उसकी पवित्रता और महत्ता की लौ जलाना भी है। गंगा, जो भारतीय जनमानस के लिए मात्र एक जलधारा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का भी प्रतीक है।

## मौनी अमावस्या स्नान के पहले नव्य प्रकाश व्यवस्था से जगमग हुई कुम्भ नगरी प्रयागराज

महाकुम्भ नगर। त्रिवेणी के तट पर आस्था का जन समागम है। महाकुम्भ के इस आयोजन को दिव्य ,भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए इससे जुड़े शहर के उन मार्गों और चौराहों को भी आकर्षक स्वरूप दिया गया है जहां से होकर पर्यटक और श्रद्धालु महा कुम्भ पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में अब सड़क किनारे के वृक्षों को रोशनी के माध्यम से नया स्वरूप दिया गया है। प्रयागराज महाकुम्भ आ रहे आगंतुकों के स्वागत के लिए की कुम्भ नगरी की सड़कों को सजाया गया, शहर के चौराहे सुसज्जित किए गए और बारी है सड़क के दोनों तरह मौजूद हरे भरे वृक्षों को नया लुक देने की। नगर निगम प्रयागराज ने इस संकल्प को धरती पर उतारा है। नगर निगम के मुख्य अभियंता (विद्युत) संजय कटियार बताते हैं कि शहर में सड़क किनारे लगे वृक्षों का नया लुक देने के यूपी में पहली बार नियॉन और थीमेटिक लाइट के संयोजित वाली प्रकाश व्यवस्था लागू की गई है। इस नई व्यवस्था में शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के 260 वृक्षों के तनों, शाखाओं और पत्तियों में अलग अलग थीम की रोशनी लगाई गई है। इनमें नियॉन और स्पाइरल लाइट्स को इस तरह संयोजित किया गया है जिसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कैसे रात के अंधेरे में पूरा वृक्ष आलोकित हो गया है।

## जारवा लोगों को मत का अधिकार मिला

प्रमोद भार्गव

आदिम जनजाति जारवा अंडमान-द्वीप समूह की एक प्रमुख जनजाति है। ये आज भी अर्ध-खानाबदोश आदिम जीवन-शैली जी रहे हैं। प्राकृतिक रूप में उपलब्ध वन-संसाधन ही इनके आजीविका के प्रमुख साधन हैं। स्थानीय प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े रहकर ये अपनी जीवन-शैली में मस्त हैं।

जारवा लोग बाहरी संपर्क से अलग-थलग हैं। इसी कारण उनकी अनूठी सांस्कृतिक परंपरा और भाशा-बोली संरक्षित हैं। वे दक्षिणी और मध्य अंडमान द्वीप समूह के पश्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। स्थानीय प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद अब इस जनजाति समूह को संवैधानिक लोकतांत्रिक धारा से जोड़े जाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।

इस समुदाय के 19 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करके, उन्हें मतदाता पहचान-पत्र दिए गए हैं। अंडमान द्वीप समूह के मुख्य सचिव चंद्रभूषण कुमार ने दक्षिण अंडमान जिले के जिरकाटांग स्थित बस्ती में पहुंचकर पहली बार मतदाता बने लोगों को पहचान-पत्र सौंपे। जारवा समुदाय की इन पहचान-पत्रों से भारतीय होने की नागरिकता सुनिश्चित हुई है। साथ ही यह उनकी निजता की रक्षा के लिए एक व्यापक उपाय भी है। इस कार्यवाही से उम्मीद जगी है कि भविष्य में इस द्वीप समूह के सभी लोग भारतीय नागरिक के रूप में मतदाता बना दिए जाएंगे। वरना एक समय इस द्वीप समूह में प्रवेश पाना मौत को आमंतण्रदेना था।

इस कार्यवाही को पूरी करने में अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिसने सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सम्मानजनक तरीके से उनकी भाषा में चुनावी प्रक्रिया के बारे में जारवा समुदाय से संवाद करके उनके बीच जागरूकता पैदा करके इस प्रक्रिया को सुगम बनाया। जारवा समुदाय अंडमान द्वीप समूह के दक्षिण और मध्य तथा पष्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। इसे ही इस समुदाय ने अपने पारंपरिक जीवनशैली के अनुरूप ढाल लिया है। जारवा समुदाय के साथ पहला उल्लेखनीय दोस्ताना संबंध अप्रैल 1996 में हुआ था, जो बाहरी दुनिया के साथ उनके संपर्क में एक अहम मोड़ साबित हुआ।


इस संबंध के लिए शायद प्रकृति ने ही घटनाक्रम रचा था। दरअसल, जारवा जनजाति के 21 वर्षीय एनमेई को अपने बाएं टखने में गहरी चोट आई थी। प्रशासन ने करु णा का परिचय देते हुए एनमेई का उदारतापूर्वक उपचार कराया और ठीक होने के बाद उन्हें सुरक्षित बस्ती में वापस भेज दिया। यहां से प्रशासन और समुदाय के बीच विश्वास का जो संवाद बना, उसने आज इस समुदाय के लोगों के भारतीय नागरिक होने के पहचान के रूप में मतदाता पहचान-पत्र सौंपने का मार्ग प्रशस्त किया। अन्यथा जारवा समूह से जो भी कोई संपर्क करने की सोचता था, उसे हिंसक टकराव का सामना करना पड़ता रहा है। दरअसल, जो लोग स्वयं को सभ्य और आधुनिक समाज का हिस्सा मानते रहे हैं, वही लोग प्राकृतिक अवस्था में रह इन लोगों को इंसान मानने की बजाय लगभग जंगली जानवर ही मानते रहे हैं। आधुनिक कहे जाने वाले समाज की यह एक ऐसी विडंबना है, जो सभ्यता के दायरे में कतई नहीं आती।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में रह रहे लुप्तप्राय जारवा प्रजाति की महिलाओं को स्वादिष्ट भोजन का लालच देकर सैलानियों के सामने नचाने के कुछ साल पहले वीडियो-दृश्य ब्रिटिश अखबारों में सिलसिलेवार छपे थे। इन्हें शासन-प्रशासन के स्तर पर झुठलाने कवायद की गई थी, परंतु यह ठोस हकीकत थी। अभयारण्य में दुर्लभ वन्य जीवों को देखने की मंशा की तरह, दुर्लभ मानव प्रजातियों को भी देखने की इच्छा नव-धनाढ्यों और रसूखदारों में पनप रही है, और जिस सरकारी तंत्र को आदिवासियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, वही इन्हें लालच देकर नचवाने का काम कर रहा था। इसी कुत्सित मानसिकता के चलते कुछ लोग जारवाओं को इंसानों की बजाए, मनोरंजक खिलौने भी मानते रहे हैं। आधुनिक विकास और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए वन कानून में लगातार हो रहे बदलावों के चलते अंडमान में ही नहीं देश भर की जनजातियों की संख्या लगातार घट रही हैं। आहार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों की कमी होती जा रही है। इन्हीं वजहों के चलते अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग दुर्गम टापुओं पर जंगलों में समूह बनाकर रहने वाली जनजातियों का अन्य समुदायों और प्रशासन से बहुत सीमित संपर्क है। यही वजह है कि इनकी संख्या घटकर महज 381 रह गई है।

एक अन्य टापू पर रहने वाले ग्रेट अंडमानी जनजाति के लोगों की आबादी केवल 97 के करीब है। इन लोगों में प्रतिरोधात्मक क्षमता इतनी कम होती है कि ये एक बार बीमार हुए तो इनका बचना नामुमकिन हो जाता है। हालांकि अब इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए टीकाकरण करने और पौष्टिक खुराक देने के उपाय निरंतर किए जा रहे हैं। मतदान का अधिकार मिल जाने से तय है, यहां लोकतांत्रिक गतिविधियां भी कालांतर में बढ़ेंगी। करीब दो दशक पहले तक ये लोग पूरी तरह निर्वस्त्र रहते थे, लेकिन सरकारी कोशिशों और इनकी बोली के जानकार दुभाषियों के माध्यम से समझाइश देने पर इन्होंने थोड़े-बहुत कपड़े पहनने अथवा पत्ते लपेटने शुरू कर दिए हैं।

भारत की सांस्कृतिक विविधता अनूठी खूबसूरती है। यहां विभिन्न आदिवासी समुदायों को अपने पुरातन व सनातन परिवेश में रहने की स्वतंत्रता हासिल है। हमारे देश के सांस्कृतिक परिवेश में नग्नता कभी फूहड़ अश्लीलता का पर्याय नहीं रही। पाश्चात्य मूल्यों और भौतिकवादी आधुनिकता ने ही प्राकृतिक व स्वाभाविक नग्नता को दमित काम-वासना की पृष्ठभूमि में रेखांकित किया है। वरना हमारे यहां तो खजुराहो, कोणार्क और कामसूत्र जैसे नितांत व मौलिक रचनाधर्मिता से स्पष्ट होता है कि एक राष्ट्र के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में हम कितनी व्यापक मानसिक दृष्टि से परिपक्व लोग थे। अब लोगों को जो मत का अधिकार मिला है, उसके तहत ये अन्य समुदायों में विलय होंगे और इनका आवागमन भी बढ़ेगा। इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ेगी।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

वृष राशि : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे।

कर्क राशि : आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे।

सिंह राशि : आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय में चर्चा करेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है । वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी।

तुला राशि : आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ संबंधों में मजबूती आएगी। आज आपको पैतृक संपत्ति मिल सकती है। पुराने रोगों से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे।


वृश्चिक राशि : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा।

धनु राशि : आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

मकर राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे।

मीन राशि : आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी।



एआईसीसी महासचिव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह, उनके भाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता भाजपा से नहीं डरते हैं और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कई पार्टियों की सरकार रही, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसका गृह मंत्री संसद में खड़े होकर बाबा साहेब का अपमान कर सके। कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसके नेताओं ने कहा कि हम संविधान बदल देंगे।

# मैं शराब के नहीं, सफलता और अहंकार के नशे में था : राम गोपाल वर्मा

चेन्नई(आरएनएस)। निर्देशक राम गोपाल वर्मा की फिल्म सत्या हाल ही में सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुई। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर एक भावुक नोट साझा किया और बताया कि वह शराब के नशे में नहीं, बल्कि अपनी सफलता और अहंकार के नशे में थे। यह एहसास उन्हें 27 साल बाद सत्या देखने के बाद हुआ।

सोशल मीडिया पर सक्रिय राम गोपाल वर्मा ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया, इसमें वह भावुक नजर आए।

पोस्ट को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'सत्या' को 27 साल बाद देखकर मैं इतना भावुक हो गया था कि मेरे आंसू बहने लगे और मैं इस बात की परवाह नहीं कर रहा था कि कोई देखेगा या नहीं। आंसू सिर्फ फिल्म के लिए नहीं, बल्कि उसके बाद जो हुआ, उसके लिए थे।


उन्होंने कहा, फिल्म बनाना जुनून की पीड़ा से पैदा हुए बच्चे को जन्म देने जैसा है, बिना यह जाने कि मैं किस तरह के बच्चे को जन्म दे रहा हूं। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक फिल्म को टुकड़ों में बनाया जाता है, बिना यह जाने कि यह कब बनकर तैयार होगी। निर्माण के समय ध्यान इस बात पर होता है कि दूसरे इसके बारे में क्या कह रहे हैं और उसके बाद चाहे वह हिट हो या ना, हम आगे की कहानी के बारे में सोचने लग जाते हैं।

राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, दो दिन पहले तक, मैंने इसे एक उद्देश्यहीन अपनी यात्रा में एक और कदम मानकर इससे प्रेरित होने वाली अनगिनत प्रेरणाओं को अनदेखा कर दिया था। सत्या की स्क्रीनिंग के बाद होटल में वापस आकर, अंधेरे में बैठे हुए, मुझे समझ में नहीं आया कि अपनी तथाकथित बुद्धिमत्ता के बावजूद, मैंने इस फिल्म को भविष्य में जो कुछ भी करना चाहिए, उसके लिए बेंचमार्क क्यों नहीं बनाया। मुझे यह भी एहसास हुआ कि मैं सिर्फ उस फिल्म में हुई त्रासदी के लिए नहीं रोया था, बल्कि मैं अपने उस रूप के लिए खुशी से भी रोया था। मैं उन सभी लोगों के साथ विश्वासघात के अपराध बोध से भी रोया था, जिन्होंने 'सत्या' के कारण मुझ पर भरोसा किया था। निर्देशक ने आगे लिखा, मैं शराब के नशे में नहीं, बल्कि अपनी सफलता और अपने अहंकार के नशे में था, हालांकि, मुझे दो दिन पहले तक इसका एहसास नहीं था। रंगीला और सत्या की रोशनी ने मुझे अंधा कर दिया और अपनी तकनीकी जादूगरी या कई अन्य चीज़ों का भद्दा प्रदर्शन करने को लेकर फिल्में बनाने में भटक गया, जो निरर्थक थीं। मैं एक सरल और सामान्य सत्य को भूल गया था कि तकनीक किसी दिए गए विषय को ऊपर उठा सकती है, लेकिन उसे आगे नहीं ले जा सकती।

राम गोपाल वर्मा ने यह स्वीकार करते हुए कि उनकी बाद की कुछ फिल्में सफल रही होंगी, लेकिन उनमें से किसी में भी वह ईमानदारी और निष्ठा नहीं थी जो 'सत्या' में थी, आगे कहा, मेरे शानदार नजरिए ने मुझे सिनेमा में कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया, उसने मुझे अपने काम के मूल्य से भी अंधा कर दिया और मैं आसमान की ओर मुंह करके दौड़ने वाला वह शख्स बन गया, जो अपने पैरों के नीचे लगाए गए बगीचे को देखना ही भूल गया और यही मेरी गरिमा में आई गिरावट की वजह बन गई।

निर्देशक ने आगे कहा, मैं अब जो कुछ भी कर चुका हूं, उसमें सुधार नहीं कर सकता। लेकिन मैंने दो रात पहले अपने आंसू पोंछते हुए खुद से वादा किया था कि अब से मैं जो भी फिल्म बनाऊंगा, वह उस सम्मान के साथ बनाऊंगा जिसके लिए मैं शुरू में निर्देशक बनना चाहता था। मैं 'सत्या' जैसी फिल्म फिर कभी नहीं बना पाऊंगा, लेकिन ऐसा करने का इरादा ना रखना भी सिनेमा के खिलाफ एक अक्षम्य अपराध है। मेरा मतलब यह नहीं है कि मुझे 'सत्या' जैसी फिल्में बनाते रहना चाहिए, लेकिन शैली या थीम से परे कम से कम उसमें 'सत्या' की ईमानदारी होनी चाहिए। काश मैं समय में पीछे जाकर अपने लिए यह एक मुख्य नियम बना पाता कि कोई भी फिल्म बनाने से पहले 'सत्या' एक बार फिर देखनी चाहिए। अगर मैंने उस नियम का पालन किया होता तो मुझे यकीन है कि मैंने तब से अब तक जितनी भी फिल्में बनाई हैं, उनमें से 90 प्रतिशत फिल्में नहीं बनाई होती।

राम गोपाल वर्मा ने पोस्ट के अंत में कहा, आखिरकार, अब मैंने खुद से यह वादा किया है कि मेरे जीवन का जो भी थोड़ा सा समय बचा है, मैं उसे ईमानदारी से बिताना चाहता हूं और सत्या जैसा कुछ बनाना चाहता हूं और इस सत्य की मैं सत्य कसम खाता हूं।



एनसीसी कैडेट्स ने नई दिल्ली में डीजी एनसीसी आरडीसी-2025 कैंप, करिअप्पा परेड ग्राउंड, दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 के दौरान मार्च पास्ट किया।



भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नई दिल्ली में भारतीय विद्या भवन में नंदलाल नुवाल सेंटर ऑफ इंडोलॉजी की आधारशिला रखते हुए.

# मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर मेला क्षेत्र में वाहनों पर प्रतिबंध, पांटून पुल होगा वन-वे

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और संचार तंत्र को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होनी चाहिए। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इन विशेष दिवसों पर पांटून पुल पर आवागमन वन-वे रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा सम्मान होना चाहिए। जिसे भी किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, व्यवस्था में लगे लोग आगे बढ़कर मदद करें।

रविवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने पहले मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और फिर अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री सहित अनेक गणमान्य जनों का प्रयागराज में आगमन प्रस्तावित है। अगले सप्ताह 22 जनवरी को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी यहां होगी। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जानी चाहिए।

आईसीसीसी सभागार में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान स्थिति के अनुसार मेला परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ श्रद्धालु उपस्थित हैं। अब तक सात करोड़ से अधिक लोग त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर आस्था का जन समुद्र उमड़ा था, यह सुखद रहा कि हर आगंतुक श्रद्धालु संतुष्ट होकर यहां से गया। अब आगामी मौनी अमावस्या के मौके पर 8 से 10 करोड़ लोगों के आगमन का अनुमान है। इससे पहले गणतंत्र दिवस पर भी बड़ी संख्या में लोगों का आगमन होगा। ऐसे में लोगों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। बिजली और पेयजल आपूर्ति हो, शौचालय और उसकी सफाई हो, पांटून पुलों का अनुरक्षण हो, अथवा भीड़ के मूवमेंट की रणनीति, हर एक बिंदु पर अच्छी तैयारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात प्रबंधन/गाड़ियों की पार्किंग के बारे में लगातार प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा मीडिया और पुलिस हो या आम श्रद्धालु, मोबाइल नेटवर्क की जरूरत सभी को पड़ती है। मौनी अमावस्या के दृष्टिगत टॉवर क्षमता और कवरेज को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर प्रयास करें कि जो लोग जिस ओर से आ रहे हैं, वहीं के निकटस्थ घाट पर स्नान कर सकें।

## महाकुंभ के कारण रोज करीब दो लाख श्रद्धालु आ रहे अयोध्या : नृपेंद्र मिश्रा

अयोध्या (आरएनएस)। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर निर्माण प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु अयोध्या भी आ रहे है। उन्होंने मीडिया से कहा कि मुख्य रूप से निचले हिस्से में राम कथा कार्य हुआ है, जहां पत्थर के भित्ति चित्र जोड़े गए हैं और किलेबंदी में कांस्य भित्ति चित्र स्थापित किए गए हैं। पुणे से आए हमारे कलाकार बासुदेव कामत ने काम की समीक्षा की और अपनी राय रखी। आज और कल में हम निर्माण कार्य की प्रगति और कठिनाइयों के बारे में चर्चा करेंगे। कुंभ के कारण बहुत से यात्री जो कुंभ में गए हैं, वे अयोध्या में भी आ रहे हैं। महाकुंभ के कारण अयोध्या में प्रतिदिन औसतन दो लाख से अधिक भक्तों की संख्या बढ़ गई है। इससे भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ स्थानों पर निर्माण रोक दिया गया है। निर्माण फरवरी तक रुका रह सकता है।

सबसे अधिक प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा की है। उसे हम पहले सुनिश्चित करते हैं। जहां-जहां मौका मिल रहा है, वहां निर्माण कार्य हम कर रहे हैं। सिर्फ राम दरबार की मूर्ति ही नहीं, बाकी 7 मंदिरों की मूर्तियां, 'परकोटा' के 6 मंदिरों की मूर्तियां, पीएफसी में तुलसी दास जी की मूर्ति, ये सभी मूर्तियां जयपुर में तैयार हो रही हैं।



केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में करिअप्पा परेड ग्राउंड, दिल्ली कैंट में डीजी एनसीसी आरडीसी-2025 कैंप में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 का दौरा किया.

## किसानों का दिल्ली कूच फिलहाल टला, पंधेर ने केंद्र से 14 फरवरी से पहले चंडीगढ़ में मीटिंग करने को कहा

पटियाला (आरएनएस)। हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से किसानों का दिल्ली कूच फिलहाल टाल दिया गया है। किसान मजदूर मोर्चा (चरू) के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने सोमवार को शंभू बॉर्डर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

पंधेर ने कहा कि केंद्र सरकार को 14 फरवरी से पहले किसानों के साथ बैठक करनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि यह बैठक चंडीगढ़ की बजाय दिल्ली में होनी चाहिए। इससे पहले सुबह पंधेर ने कहा था कि किसान दिल्ली कूच करेंगे। केंद्र सरकार किसानों में फूट डालने की कोशिश कर रही है। केंद्र ने किसानों को 14 फरवरी को चंडीगढ़ में बातचीत का न्योता दिया था।

फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (रुस्क) पर गारंटी कानून समेत अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (स्चरू) ने आज (20 जनवरी) पंजाब-हरियाणा समेत देशभर में लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के आवास का घेराव करने का ऐलान किया था। हालांकि, केंद्र से बातचीत का न्योता मिलने के बाद स्चरू ने इस कार्यक्रम में बदलाव किया है। अब किसान घेराव करने की बजाय ई-मेल के जरिए सांसदों को अपनी मांगों का ज्ञापन भेजेंगे।

## कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के लिए बेहतर विकल्प : सचिन पायलट

उदयपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। राजस्थान के उदयपुर में मीडिया से बातचीत में पायलट ने इसकी वजह भी बताई। बोले, ऐसा इसलिए क्योंकि विकास के नाम पर 'आप' ने कुछ नहीं किया। टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा, दिल्ली में विधानसभा चुनाव चल रहा है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को कई बार मौका दिया लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। पिछले 12 साल में दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच जो वर्चस्व की जो लड़ाई है, उसमें दिल्ली की जनता पिस रही है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के लिए बेहतर विकल्प हो सकती है। पायलट ने दावा किया कि उनकी पार्टी अपने वादे को पूरा करेगी। बोले, शीला दीक्षित के कार्यकाल को जनता याद कर रही है। हम लोगों ने जनता को कुछ गारंटी दी है, जिसे हम पूरा करेंगे। हम जनता और मुद्दों की बात कर रहे है। हम मजबूती से लड़ेंगे और कांग्रेस पार्टी का दिल्ली के अंदर अच्छा परफॉर्मेंस रहेगा। सचिन पायलट ने आगे कहा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। इन चुनावों में हमारे कार्यकर्ता और नेता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हमने जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं, फिर उन समस्याओं पर विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद अब गारंटी पेश कर रहे हैं। पूरे देश में युवा परेशान हैं। दिल्ली में भी युवाओं की हालत चिंताजनक है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने युवाओं पर ध्यान नहीं दिया। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम ने आप और भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने एक-दूसरे पर सिर्फ आरोप लगाए, खुद के वादे पूरे नहीं

## पवित्र बंधन को किया शर्मसार : पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर दोस्त को भेज दिया, शख्स गिरफ्तार

ठाणे (आरएनएस)। पति-पत्नी का रिश्ता एक पवित्र बंधन माना जाता है, लेकिन महाराष्ट्र के ठाणे से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति पर अपनी ही पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर उसे अपने दोस्त को भेजने का आरोप है।ठाणे जिले में अपनी पत्नी का शोषण करने, उसे परेशान करने और उस पर हमला करने के आरोप में 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को उल्हासनगर शहर से आरोपी को गिरफ्तार किया और सोमवार को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ दिया और फिर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें लीं। इतना ही नहीं, उसने उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर अपने एक दोस्त को भी भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि जब महिला ने इस बात का विरोध किया, तो आरोपी ने उसकी पिटाई भी की। महिला के अनुसार, इस घटना के बाद 17 जनवरी को उनके पति के उस दोस्त ने उन्हें फोन किया और उनसे अश्लील बातें कीं।



युवा साधु प्रयागराज में संगम पर महाकुंभ मेला 2025 के दौरान यज्ञ करते हुए.



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के आठवें दिन गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम का शीर्ष दृश्य।

# 5 साल में प्रवेश वर्मा की चल संपत्ति 3.20 करोड़ से पहुंची 96.50 करोड़, आप ने उठाए सवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) ने अब नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की संपत्ति पर निशाना साधा है और कहा है कि उनकी संपत्ति बीते 5 सालों में इतनी तेजी से बड़ी है कि जितना कोई बड़े बिजनेसमैन के व्यापार में ग्रोथ नहीं होती है।

आप के मुताबिक प्रवेश वर्मा की चल संपत्ति जो 5 साल पहले 3 करोड़ 20 लाख की थी, वह अब 96 करोड़ 50 लाख पहुंच गई है। जिसमें 2915 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पोस्टर बॉय प्रवेश वर्मा भाजपा के आदर्श नेता हैं। इनका एफिडेविट 18 अप्रैल 2019 का है, जब यह लोकसभा के लिए चुनाव लड़े थे। उसके बाद जनवरी 2025 का इनका दूसरा एफिडेविट सत्यापित है कि उनके पास कितनी संपत्ति है, चल-अचल और कितनी इनकी वार्षिक कमाई है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि क्योंकि मैं भी एक विधायक रहा हूं, मैं समझता हूं कि हमारे पास बहुत कम ही समय मिलता है कमाई करने का। लेकिन प्रवेश वर्मा के कमाई के जरिए का अगर विदेश में पता चल जाए तो इनको कौन सी यूनिवर्सिटी नहीं बुलाएगी। विदेशों से भी बुलाया जाएगा कि आप यहां पर आकर भी लेक्चर दो, कि किस तरीके से आपने अपनी चल-अचल संपत्ति और वार्षिक आय को बढ़ाया है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अचल संपत्ति में मार्केट के हिसाब से इजाफा होता है, जो प्रवेश वर्मा की 12 करोड़ 30 लाख से बढ़कर 19 करोड़ 10 लाख हुई। ये कोई बड़ी बात नहीं है। मार्केट के हिसाब से जमीन का भाव और अन्य अचल संपत्तियों का भाव बढ़ता है। इसके बाद आते हैं चल संपत्तियों पर, जिनमें कैश, गोल्ड, बैंक डिपॉजिट आदि होते हैं। जिसमें बीते 5 साल में प्रवेश वर्मा की संपत्ति में इतना इजाफा हुआ है कि लोग हैरान हो जाएंगे। इनकी चल संपत्ति पिछले 5 साल में 3 करोड़ 20 लाख से 96 करोड़ 50 लाख पर संपत्ति पहुंच गई है। बड़े-बड़े बिजनेस हाउस और बड़े-बड़े बिजनेस स्कूल उनके घर आ जाएंगे। क्योंकि 2915 परसेंट की ग्रोथ प्रवेश साहिब वर्मा ने 5 साल के अंदर की है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इनके साथ पूरा तंत्र-मंत्र है। प्रवेश वर्मा ने 2017-18 में अपनी वार्षिक आय 17 लाख रुपए बताई थी। प्रवेश साहिब सिंह वर्मा 2023-24 की अपनी सालाना आय बताते हैं 19 करोड़ 17 लाख रुपए। 5 साल में सालाना आय भी बढ़ गई।



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान को 16 जनवरी को उनके बांद्रा स्थित घर पर एक हिंसक हमले के दौरान लगी चोटों के इलाज के बाद मुंबई के लीलावती अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अभिनेता पर कथित तौर पर उनके आवास पर डकैती के प्रयास के दौरान एक घुसपैठिये द्वारा हमला किया गया था। सैफ को चाकू से कई घाव लगे, जिसमें उनकी रीढ़ की गंभीर चोट भी शामिल थी,

## बंदिश बैंडिट्स की अभिनेत्री श्रेया चौधरी ने बताया कि कैसे उन्होंने फिटनेस संबंधी समस्याओं पर काबू पाया



वेब सीरीज बंदिश बैंडिट्स फेम श्रेया चौधरी ने अपने वजन और सेहत के साथ हुए अपने स्ट्रगल्स पर खुलकर बात की है, और बताया कि कैसे उन्हें 19 साल की उम्र में स्लिप डिस्क हो गई थी. 21 साल की एज में 30 किलो वजन कम करने के बाद, अब वो अपनी वेट लॉज जर्नी शेयर कर रही हैं. एक्ट्रेस को ऋतिक रोशन ने फिट होने के लिए इंस्पायर किया. श्रेया चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी और नई तस्वीरों को साझा करते हुए कबूल कि कैसे लंबे वक्त तक, उन्होंने अपने वजन के साथ संघर्ष किया और अपने बॉडी और हेल्थ की केयर नहीं की. हालांकि जब, 19 साल की कम उम्र में, उनका वजन बहुत बढ़ गया और उन्हें स्लिप डिस्क हो गई, तो उन्हें एक चेतावनी मिली. आखिरकार, उन्होंने खुद को हल्के में न लेने का फैसला किया और 30 किलो वजन कम किया.

श्रेया ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैंने खुद से कहा, मैं कभी हार नहीं मानूंगी. एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने पहली बार फिटनेस और हेल्थ के साथ अपने स्ट्रगल के बारे में इसलिए बताया क्योंकि उन्होंने सशक्त और सुरक्षित महसूस किया. इसने उन्हें कुछ ऐसा शेयर करने के लिए प्रेरित किया जिसके बारे में उन्होंने कभी खुलकर बात नहीं की ताकि दूसरों को एम्पावर्ड महसूस कराया जा सके.

जब मैं 19 साल की थी, तो मैं कई चीजों से गुजर रही थी. मैं सबसे अच्छी मानसिक स्थिति में नहीं थी. इस दौरान मेरा वजन काफी बढ़ गया. इसका असर मेरी फिटनेस और सेहत पर पड़ा.

### बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का पकड़ बरकरार, 20 मिनट के रिलोडेड वर्जन से फिर तेज हुई कमाई

5 दिसंबर को रिलीज हुई अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की पुष्पा 2 को रिलीज हुए 44 दिन बॉक्स ऑफिस पर बीत चुके हैं. इस बीच कई फिल्में आई और चली गई. लेकिन पुष्पा 2 अपनी पकड़ अब तक बनाए हुए नजर आई. लेकिन पिछले कुछ दिनों में फिल्म का लगातार कलेक्शन गिरते हुए दिखा. लेकिन अब मेकर्स ने 17 जनवरी को फिल्म में 20 मिनट का फुटेज और जोड़ दिया है, जिसके बाद मूवी लवर्स का एक्साइटमेंट और बढ़ता हुआ दिख रहा है. इतना ही कलेक्शन में थोड़ा ही सही लेकिन उछाल देखकर लगता है कि अब पुष्पा 2 दंगल के रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन की तरफ फुल फोर्स के साथ बढ़ती हुई नजर आएगी. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार,

## साड़ी पहन करिश्मा तन्ना ने दिखाया रॉयल अंदाज, टीवी की नागिन के देसी लुक पर फिदा हुए फैंस

टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही खूबसूरत लुक्स में फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में करिश्मा का ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी और अब वो फिल्मों में भी जाना-माना नाम बन चुकी हैं। ये ही नहीं एक्ट्रेस अपने ट्रेंडी फैशन लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनकी शोख अदाएं देखकर हर कोई उन पर फिदा हो गया है।

बता दें कि एक्ट्रेस अपने फैशन सेंस के लिए हमेशा ही चर्चा में रही हैं। उनका स्टाइल कभी भी ओवर-द-टॉप नहीं होता, बल्कि वह हमेशा सिम्पल और एलीगेंट लुक्स में नजर आती हैं।

चाहे पार्टी हो या फिर कोई भी इवेंट करिश्मा तन्ना अपने कैजुअल लुक्स में नजर आती हैं। करिश्मा हर आउटफिट में अपने स्टाइल को बखूबी कैरी करती है।

करिश्मा तन्ना की इन फोटोज में आप देख



सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

### दो भागों में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की वीडी 12, निर्माता नागा वामसी ने खोले फिल्म से जुड़े कई राज

विजय देवरकोंडा वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जिसका संभावित नाम वीडी 12है। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा होगी। प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह के बीच निर्माता नागा वामसी ने फिल्म पर एक बड़ा अपडेट साझा किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बारे में बताया। साथ ही कई दिलचस्प बातों का भी खुलासा किया। हाल ही में उन्होंने बताया कि वीडी 12 दो भागों वाली सीरीज होगी और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि, अगर पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरा मल्लू की रिलीज उसी दिन पक्की हो जाती है तो फिल्म की रिलीज 28 मार्च से आगे बढ़ाई जा सकती है।

फिल्म के बारे में आगे बात करते हुए नागा वामसी ने कहा, वीडी 12 अपने पैमाने से सभी को चौंका देगी। कई लोगों का मानना है कि यह चुपचाप बनाई जा रही एक छोटी फिल्म है, लेकिन यह ठोस है और बड़े पर्दे पर एक बड़ी ट्रीट होगी। इस बीच पहले खबर आई थी कि विजय देवरकोंडा को वीडी 12 के लिए एक चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई थी। चोट के बावजूद, अभिनेता ने ब्रेक नहीं लेने का फैसला किया और तय समय पर काम करना जारी रखा।

विजय की पिछली कुछ फिल्में उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने काम से लंबा ब्रेक लिया और अब वे दमदार वापसी करने की तैयार में हैं। ऐसे में वे इस फिल्म पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा वीडी 12 की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और पूरी होने के करीब है। पहले खबर आई थी कि अभिनेता सत्यदेव इस फिल्म में शामिल हो गए हैं।

## इमरजेंसी की बॉक्स आफिस पर धीमी शुरुआत, आजाद की कमाई ने भी किया निराश

17 जनवरी को सिनेमाघरों में 2 फिल्मों ने दस्तक दी। एक कंगना रनौत की राजनीति ड्रामा फिल्म इमरजेंसी और दूसरी अजय देवगन के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की फिल्म आजाद।

99 रुपये की रियायती दर पर इन फिल्मों के टिकट मिल रहे हैं, लेकिन अफसोस कि ना तो इमरजेंसी और ना ही आजाद को इसका कोई खास फायदा होता दिख रहा है।

आइए जानें पहले दिन किसने कितनी कमाई की।

सैकनिल्क के मुताबिक इमरजेंसी ने रिलीज के पहले दिन 2.35 करोड़ की कमाई की है। हालांकि, इसने कंगना की फिल्म तेजस के मुकाबले ओपनिंग डे पर ज्यादा कमाई की है।

तेजस पहले दिन महज 1.25 करोड़ रुपये कमा पाई थी। उम्मीद है कि वीकेंड पर इस फिल्म की कमाई में तेजी आएगी।

कंगना पिछले काफी समय से एक अदद हिट के लिए तरस रही हैं। अब देखना होगा कि इमरजेंसी के साथ उनकी यह तलाश पूरी होगी या नहीं। कंगना की इमरजेंसी रिलीज से पहले ही काफी विवादों में छा गई थी। इस फिल्म में कंगना ने पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है, वहीं फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक सहित कई कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं।

फिल्म की निर्माता-निर्देशक और लेखक कंगना ही हैं। 25 करोड रुपये के बजट में बनी यह फिल्म कंगना के करियर के लिए बेहद अहम है।

सैकनिल्क के मुताबिक आजाद ने रिलीज के पहले दिन 1.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं। आधिकारिक डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है।

अजय देवगन, रवीना टंडन, उनके पति अनिल थडानी और निर्देशक अभिषेक कपूर सहित कई बड़े नाम जुड़े होने के बावजूद यह फिल्म 2 करोड़ रुपये की ओपनिंग भी नहीं ले पाई। इसने इमरजेंसी से भी कम कमाई की है।

शंकर निर्देशित और राम चरण अभिनीत फिल्म गेम चेंजर से बहुत उम्मीदें थीं। फिल्म ने ओपनिंग अच्छी की, लेकिन इसके बाद ये दर्शकों को सिनेमाघरों तक नहीं खींच पाई। फिल्म रिलीज हुए एक हफ्ता पूरा हो चुका है और इसकी कमाई रुला देने वाली है।

गेम चेंजर ने 8वें दिन 2.65 करोड़ का कारोबार किया है। 450 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म की 8 दिनों की कुल कमाई अब 120.30 करोड़ रुपये हो गई है।

### स्त्री 3 में अक्षय कुमार की एंट्री कंफर्म, मेकर्स बोले- हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के थानोस हैं खिलाड़ी कुमार

पिछले साल स्त्री 2 में अक्षय कुमार के कैमियो ने बहुत लोगों का ध्यान खींचा था. दिलचस्प बात यह है कि 2024 में खेल खेल में और सरफिरा जैसी फिल्में देने के बावजूद, स्त्री 2 ही उनकी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई. अब हाल ही में मैडोक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में अनाउंस की गईं जिनमें स्त्री 3 भी शामिल है. तभी से दर्शकों में एक्साइटमेंट है कि अक्षय कुमार इस फिल्म में नजर आएंगे या नहीं. लेकिन अब मेकर्स ने ये कंफर्म कर दिया है कि अक्षय स्त्री 3 में अहम किरदार निभाएंगे. स्काई फोर्स के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय से पूछा गया कि क्या वह मैडोक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा होंगे. इस पर अक्षय ने कहा, मैं क्या कह सकता हूं, दिनेश और ज्योति को यह तय करना होगा, वे ही पैसे लगाने वाले हैं और अमर कौशिक को डायरेक्ट करना है. अक्षय की इस बात पर रिएक्ट करते हुए दिनेश विजान ने कहा,

## सिंपल डाइट से पाएं स्वस्थ शरीर, आसान और सस्ता तरीका!

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट रहना हर किसी की प्राथमिकता बन गया है. लेकिन कई बार लोग हेल्दी डाइट को जटिल और महंगा मानकर इससे दूर भागते हैं. सच्चाई यह है कि हमारी रोजमर्रा की खाने की आदतों में थोड़े बदलाव से ही हम हेल्दी और संतुलित डाइट अपना सकते हैं. आज इस आर्टिकल में हम आपको शरीर को स्वस्थ बनाने के आसान और सस्ते टिप्स के बारे में बताएंगे... सिंपल डाइट का मतलब है ऐसा खाना जो हमारे शरीर को पोषण दे और आसानी से पच सके. दाल-चावल, रोटी-सब्जी, और मौसमी फल जैसी चीजें इसमें शामिल होती हैं. इनका न केवल स्वाद अच्छा होता है, बल्कि ये जेब पर भी भारी नहीं पड़ते. उदाहरण के तौर पर, दाल प्रोटीन का अच्छा स्रोत है, तो वहीं चावल शरीर को ऊर्जा देता है. हरी सब्जियां और सलाद विटामिन और फाइबर से भरपूर होती हैं.



मौसमी फलों का सेवन करें

मौसमी फलों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना भी फायदेमंद होता है. जैसे सर्दियों में अमरूद और संतरा खाना और गर्मियों में तरबूज और आम. इनसे न केवल शरीर को जरूरी पोषण मिलता है, बल्कि ये हमारे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करते हैं.

तले-भुने खाने से बचें

सिंपल डाइट अपनाने के लिए जरूरी है कि हम बाहर के तले-भुने खाने से बचें और घर का बना खाना प्राथमिकता दें. साथ ही खाने में ज्यादा तेल और मसालों का इस्तेमाल न करें. सरल खाना न केवल सेहतमंद होता है, बल्कि इसे तैयार करना भी आसान है.

**एनिमेटिड फिल्म रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम का ट्रेलर जारी, 24 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म**

रामायण: द लिजेंड ऑफ प्रिंस राम की इंडो जैपिनीज एनिमेटेड फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म को वाल्मिकी रामायण के आधार पर बनाया गया है। भगवान राम और लंकेश के बीच हुए युद्ध पर आधारित एनिमेटेड फिल्म 33 साल बाद फिर से बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत इस डायलॉग से होती है- जब जब धरती पर संकट आया है, तब तब उसके उद्धार के लिए भगवान विष्णु ने अवतार लिया। ट्रेलर में राम की वनवास यात्रा से लेकर सीता अपहरण और लंका कांड तक सभी सीन को दिखाया गया है। ट्रेलर की समाप्ति होती है- मृत्यु के बाद कोई किसी का शत्रु नहीं डायलॉग से। फिल्म 24 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में 33 साल बाद रिलीज की जाएगी। इसकी पटकथा लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है, जिन्होंने बाहुबली, बजरंगी भाईजान और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की कहानी लिखी थी।

## सर्दी में तेज सिरदर्द क्यों होता है? एक्सपर्ट से जानिए तुरंत राहत पाने का तरीका

सर्दियों में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम से लोग परेशान रहते हैं. ऐसे में कई बार लोगों की शिकायत रहती है कि उन्हें ठंड के दिनों में कई बार बहुत तेज सिरदर्द होता है. सर्दी के मौसम में सिरदर्द के प्रमुख कारणों में से एक है ठंड लगने की वजह से सिर में दर्द होना. हालांकि इसके अलावा भी कई कारण होते हैं. पानी की कमी, नींद पूरी न होना और आहार ऐसे अन्य कारण हैं जो सिरदर्द को ट्रिगर कर सकते हैं. तापमान में गिरावट बैरोमीटर के दबाव में वृद्धि और धूप की कमी के कारण सिरदर्द बढ़ सकता है. आइए यहां एक्सपर्ट से जानते हैं कि सर्दी में तेज सिरदर्द क्यों होता है? इसके साथ ही तुरंत राहत पाने के लिए क्या करना चाहिए?



क्यों होता है ठंड में तेज सिरदर्द?

हेल्थ एक्सपर्ट श्रुति महाजन ने बताया कि ठंड में तेज सिरदर्द के कई कारण होते हैं. सर्दियों में तापमान कम होने की वजह से हमारा खून गाढ़ा हो जाता है और जब हम खड़े होते हैं तो गुरुत्वाकर्षण के कारण हमारे सिर तक ठीक ढंग से रक्त संचार नहीं हो पाता है. इसकी वजह से भी सिरदर्द होता है.

पानी की कमी यानी डिहाड्रेशन

सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं. ऐसे में उनके शरीर में पानी की कमी यानी डिहाड्रेशन हो जाता है. इसके अलावा साइनस, नींद का बदला पैटर्न, खानपान सरीखे अन्य कारण भी इस समस्या को बढ़ा सकते हैं. सर्दी में बंद दरवाजे और कमरों में लगातार जलते हीटर के चलते खराब वेंटीलेशन भी सिर दर्द की समस्या को बढ़ा देते हैं.

सर्दियों में सिर दर्द से कैसे बचें?

- सिरदर्द से बचने के लिए हेल्दी खाना खाएं. खुद को गर्म रखने की कोशिश करें. अच्छी नींद लें.
- जरूरत से ज्यादा कैफीन का सेवन न करें. खूब सारा पीना पिएं.
- सीधे गर्म वातावरण से ठंडी हवा में जाने से बचें. घर को अच्छी तरह वेंटीलेटेड रखें.
- घर में ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें. रात में अच्छी नींद लें.
- किसी भी समय खाना न छोड़ें और मील्स के बीच हेल्दी स्नैक्स लें.
- पानी खूब पिएं ताकि डीहाइड्रेशन से बचा जा सके. ज्यादा शराब या फिर तंबाकू का सेवन भी न करें.
- अंडे और मछली जैसे विटामिन-डी से भरपूर खाना खाएं. आप सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं.
- रोजाना कम से कम 30 सेकेंड वर्कआउट करें. पैदल चलें. साइकिल चलाएं. घर पर वर्कआउट करें.

## शब्द सामर्थ्य -302


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्‌भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोंचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 301 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |




**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना घमापुर मे मारपीट में घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को प्रवीण नायडू उम्र 34 वर्ष निवासी शीतलामाई बम्बादेवी ने बताया कि वह बजाज फायनेंस मे प्राईवेट जॉब करता है दिनांक 18-1-25 की रात लगभग 8-30 बजे वह शीतलामाई तरफसे चाय पीकर आ रहा था जैसे ही बम्बा देवी मंदिर के सामने पहुँचा वहां अंशुल कोरी, जानू कोरी और भूरा यादव पुराने विवाद पर से उसके साथ झगड़ा कर गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया**



**11 सालों से पीड़ित को नहीं मिला पैसा वापस, एसपी को शिकायत कर फिर लगाई गुहार**

# सीलिंग की जमीन बेच कर हड़पे चार लाख



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर में जमीन की जालसाजी के मामले थम नहीं रहे हैं। जमीन की खरीद-फरोख्त की आड़ में सीधे-साधे लोगों से रकम ऐंठने का सिलसिला जारी है। कुछ ऐसा ही मामला है। 2013 में पीड़ित को सीलिंग की जमीन दिखाकर 4 लाख रुपए लिए और उसके बाद न जमीन मिली और न ही पैसा वापस मिला। बीते 11 सालों से पीड़ित को कई बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। एसपी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दी गई शिकायत के अनुसार, किलकारी गार्डन ठक्करग्राम में रहने वाले मुख्तार अंसारी ने अंसार नगर चोपड़ा निवासी मोहम्मद तैय्यूब मुन्ना से 2013 में 1650 जमीन का सौदा किया था। 14 अप्रैल 2013 को तीन गवाहों के समक्ष मौजा खजरी नं.बं. 569, पटवारी हल्का नं. 24, रा.नि.मं. महाराजपुर विकासखण्ड पनागर तहसील पनागर जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 42/4 रकवा 0.180 हे. भूमि से प्लाट नम्बर 18 जिसका रकवा 1650 वर्गफुट है, का सौदा 350 वर्गफुट के हिसाब से किया गया था। जिसकी कुल रकम 5,77,500 रूपये तय र क्रेता मुख्तार अहमद द्वारा 14 अप्रैल 2013 को 4,00,000/- चार लाख रूपये गवाहों के समक्ष मोहम्मद तैय्यूब को दिया गया था। बाकी शेष राशि 1,77,500 रूपये तीन माह के अंदर चुकाने का इकरार हुआ। परन्तु उक्त जमीन शासन द्वारा अवैध घोषित होने के कारण मोहम्मद तैय्यूब ने तीन दिन बाद मुखतार अहमद को दो चेक 1,25,000 और 1,25,000 रूपये वापस किया परन्तु उसके खाते में पैसा नहीं होने से चैक वापस बैंक द्वारा कर दिया गया। उसके बाद पीड़ित समय देता रहा और पैसा वापस नहीं किया। जिसकी शिकायत 28 दिसम्बर 2021 को की गई थी। उस पर कार्यवाही होने लगी तो उसने चार पंचों के बीच समझौता किया कि 2-3 माह के अन्दर पैसा वापस करेंगे और 25 जुलाई 2022 को दुबारा चैक पंचों के बीच 1,50,000 रूपये का दिया और बाकी राशि 2,50,000/- रूपये एक माह के अंदर देने को इकरार किया। उक्त चेक भारतीय स्टेट बैंक में लगाया तो 27 जुलाई 2022 को चेक बाउंस हो गया। उसके बाद से आज तक पीड़ित परेशान है।

### घटना में प्रयुक्त पिस्टल एवं 1 कारतूस जप्त

जबलपुर- थाना घमापुर में रामबाबू कोष्टा उम्र 37 वर्ष निवासी गंगा मैया व्हीकल स्टेट रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह हेल्परी का काम करता है उसकी एजेन्सी के केशियर सुरेश केवट के छुट्टी में जाने से केशियर का काम स्टोर कीपर ने उसे सौंपा था। दिनांक 18-1-25 को सुबह लगभग 9 बजे गैस एजेन्सी से आईसर गाड़ी में जिसमें लगभग 60-62 सिलेण्डर लोड थे में कम्पनी के हाकर रघु, सुखराम, शंकर, राकेश पटैल, आनंद शिवनारायण के साथ अपनी कम्पनी से गैस हनुमान टोरिया चुंगी चौकी के पास मेदान में गाड़ी खड़ी किया वहां पर सभी हाकर अपनी अपनी मोटर सायकल से चार चार सिलेण्डर बांधकर बस्तियों में वितरण करने चले गये

## प्रभू श्री राम जी के जीवन यात्रा पर आधारित मधुबनी शैली से चित्रित पुस्तक राम विराजे रंगों में का गत दिवस विधिवत विमोचन




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राम विराजे रंगो में शहर की वरिष्व स्त्री रोग विशेषज्ञ जबलपुर मेडिकल कॉलेज की पूर्व डीन डॉ. रूपलेखा चौहान द्वारा प्रभू श्री राम जी के जीवन यात्रा पर आधारित मधुबनी शैली से चित्रित पुस्तक राम विराजे रंगों में का गत दिवस विधिवत विमोचन सत्य अशोका होटल में संपन्न हुआ।

पुस्तक राम विराजे रंगों में रामायण के लगभग 36 प्रसंगों को मधुबनी शैली में चित्रांकित किया गया है, एवं साथ ही उनके विषय में संक्षिप्त विवरण हिंदी और अंग्रेजी में वर्णित किया गया है, पुस्तक विक्रय हेतु बाजार में उपलब्ध है क्रय करने हेतु मोबाइल नंबर 9425386173, 9893266833, 8989535140 पर संपर्क किया जा सकता है।

# खिरकिया स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव की अवधि और बढ़ाई

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पाँच रेलगाड़ियों का खिरकिया स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव की अवधि को 21 जनवरी 2025 से अगले जुलाई माह तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। पमरे से गुजरने वाली पाँच रेलगाड़ियां पुणे-दानापुर-पुणे एक्सप्रेस, हैदराबाद-हिसार एक्सप्रेस एवं अहमदाबाद-बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेनें खिरकिया स्टेशन पर अब आगामी 19 जुलाई 2025 तक रूकती रहेंगी।

प्रायोगिक हाल्ट अवधि की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है :-

1) गाड़ी संख्या 12149 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन का खिरकिया स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सुबह 08:00/08:02 बजे प्रायोगिक तौर पर प्रायोगिक ठहराव को 21 जनवरी 2025 से 19 जुलाई 2025 तक कर दिया गया है।

2) गाड़ी संख्या 12150 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन का खिरकिया स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय दोपहर 15:15/15:17 बजे प्रायोगिक तौर पर प्रायोगिक ठहराव को 21 जनवरी 2025 से 19 जुलाई 2025 तक कर दिया गया है।

3) गाड़ी संख्या 17020 हैदराबाद-हिसार एक्सप्रेस ट्रेन का खिरकिया स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सुबह 10:26/10:28 बजे प्रायोगिक तौर पर प्रायोगिक ठहराव को 21 जनवरी 2025 से 19 जुलाई 2025 तक कर दिया गया है।

4) गाड़ी संख्या 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन का खिरकिया स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय दोपहर 14:35/14:37 बजे प्रायोगिक तौर पर प्रायोगिक ठहराव को 21 जनवरी 2025 से 19 जुलाई 2025 तक कर दिया गया है। 5) गाड़ी संख्या 19484 बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन का खिरकिया स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 23:05/23:07 बजे प्रायोगिक तौर पर प्रायोगिक ठहराव को 21 जनवरी 2025 से 19 जुलाई 2025 तक कर दिया गया है। यात्री इन ट्रेनों की बढ़ी हुई प्रायोगिक ठहराव की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस/रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन से भी प्राप्त कर सकते है।

# आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 17 प्रकरण



जबलपुर। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 21 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा, अतिक्रमण, शासकीय योजना, संपदा, सीवर, बाजार विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 17 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

### लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आगमन आज

जबलपुर। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी का आज मंगलवार 21 जनवरी को रात्रि 8:30 बजे ग्वालियर से जबलपुर सड़क मार्ग से आगमन होगा। श्री सिंह कल बुधवार 22 जनवरी को स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# स्व. निम्मी देवी रोहाणी स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री ईश्वरदास जी रोहाणी की माता स्व. श्रीमती निम्मी देवी रोहाणी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन केंट विधानसभा के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु यह आयोजन 21 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में आयोजित है। इस आयोजन में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 51000रू. एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम 25000रू. एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 11000रू. एवं शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 5100रू. एवं शील्ड एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सहित अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए जावेगें।

आशीर्वाद कप 2025

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री एम.एन. हल्दार मुख्य महाप्रबंधक आयुध निर्माणी खमरिया, जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में एवं श्री अशोक रोहाणी, विधायक केंट विधानसभा की अध्यक्षता में वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में स्व. श्रीमती निम्मी देवी रोहाणी जी के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सम्मानीय अतिथियों के द्वारा आज खेले जाने वाले मैच में टीम डी.डी. 11 एवं नर्मदा 11 के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री हल्दार ने कहा कि मैं विधायक श्री अशोक रोहाणी को साधुवाद देता हूं कि उन्होंने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु इतनी बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया। खेल प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों के बीच आपसी समंजस अनुशासन, खेलभावना जागृत होती है। इस अवसर पर श्री रोहाणी ने कहा कि मैं महाप्रबंधक जी का आभार व्यक्त करता हूं जो इस आयोजन को कराने में अपना अभूतपूर्व सहयोग दे रहें हैं। यह अयोजन केंट विधानसभा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अनुपम अवसर है।



स्व. श्रीमती निम्मी देवी टेनिसबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घघाटन वाले दिन पहला मैच डी.डी. 11 तथा नर्मदा 11 के मध्य खेला गया जिसमें डी.डी. 11 की जीत हुई द्वितीय मैच महावीर बॉयज तथा स्पार्टन खमरिया के मध्य खेला गया जिसमें महावीर बॉयज जीते, तीसरा मैच रांझी स्पोर्टिंग तथा गली बॉय के बीच खेला गया जिसमें गली बॉय जीते, चैथा मैच जॉर्ज 11 तथा मां खेरामाई के मध्य हुआ जिसमें जॉर्ज बाय जीते, पांचवा मैच घाना 11 सिविल लाइन इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें घाना 11 जीते, छठवां मैच एमबीपी तिलहरी तथा शौंकी 11 के मध्य खेला गया जिसमें एमबीपी के खिलाड़ी जीते तथा अगले राउण्ड में मैजिक मोमेंट, महावीर इलेवन, गली बॉय, जॉर्ज इलेवन, घाना इलेवन तथा डी डी बॉय पहुंचे।

इस वर्ष भी फाइनल मैच के पूर्व 25 जनवरी 2025 को जबलपुर शहर के सम्मानीय पत्रकार बन्धुओं का प्रदर्शन मैच प्रिंट मीडिया बनाम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बीच वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में खेला जावेगा।

आयोजन समिति के दामोदर सोनी, सचिन जैन सहारा, रिंकु विज, पुष्पराज सिंह सेंगर, आशीष राव, गुड्डु केवट, सौरभ गोयल, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह, कुमारी कृष्णा दास चैधरी, श्रीमती रीना ऋषि यादव, श्याम कनौजिया, माइकल प्रदीप कपूर, दशरथ पटेल, सुधीर बेन, सुरेश पटेल, हेमराज सराठे, मिक्की शर्मा, हैप्पी सिंह, शोभित आनंद, आकाश पटेल, मोहित रास्ते, गोविंद यादव, प्रभाशंकर कुशवाहा, सहित सभी उपस्थित रहे।

## विकास शुल्क जमा करने 32 लोगों को नोटिस

जबलपुर। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अनाधिकृत पात्र कॉलोनियों में कॉलोनी वासियों की सुविधा के लिए विकास शुल्क जमा कराने शिविर लगाये जा रहे हैं। कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि आज 21 जनवरी को पी.एच.ई. कॉलोनी संजीवनी नगर के समीप मौजा गढ़ा खसरा नं. 189 में प्रातः 11:00 बजे 05:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 32 लोगों को लगभग 30 लाख रूपये विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया गया है।

**आज का शिविर**

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अनाधिकृत पात्र कॉलोनियों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कॉलोनी सेल प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि आज दिनॉंक 22 जनवरी दिन बुधवार को संभाग क्रमांक 1 के गढ़ा वार्ड श्री अनुराग श्रीवास्तव ले-आउट गढ़ा, विकास शुल्क 84/- प्रति वर्गफुट के हिसाब से जमा करने शिविर का आयोजन किया गया है। कॉलोनीवासियों से शिविर का लाभ उठाने निगमायुक्त प्रीति यादव ने अपील की है।

### मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर। थाना घमापुर मे श्रीमती रिंकी चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी झामनदास चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपने बेटे यश चौधरी उम्र 13 वर्ष के साथ अपनी मॉं गोमती बाई के घर छोटी खेरमाई के पास कांचघर गयी थी तभी बड़े पिताजी का लडका विनय चौधरी आया और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो विनय उसके साथ गाली गलौज करने लगो, गालियां देने से मना करने पर डंडे से उसके सिर में मार दिया

## शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 और शिक्षक चयन परीक्षा 2023 का विवाद पर सरकार द्वारा जवाब के लिए समय मांगा, उच्च न्यायालय ने एक सप्ताह का दिया समय एक सप्ताह में जवाब नहीं देने पर 10 हजार रुपए जुर्माना

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञ्ञश्वञ्ञ) 2018 में सफल हुए अभ्यर्थियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर यचिका क्रमांक ङ्क्क 17628/2024 की पांचवीं बार सुनवाई की किया गया। याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस श्री सुरेश कुमार कैथ और न्यायमूर्ति श्री विवेक जैन की खंड पीठ में किया गया। पिछली सुनवाई दिनांक 05/12/2024 को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जवाब के लिए समय मांगा गया था जिसमें न्यायालय ने दो सप्ताह का समय दिया था लेकिन सरकार द्वारा कोई भी जवाब नहीं दिया गया। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, पुष्पेंद्र कुमार शाह ने न्यायालय का ध्यान पिछला आदेश की आकर्षित किया। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता ने न्यायालय को मामले की गंभीरता बताया गया। सरकार द्वारा पुन: जवाब देने के लिए समय मांगा गया। न्यायालय ने पुन: जवाब के लिए एक सप्ताह का समय दिया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सरकार के विरुद्ध मैंडेमस रिट जारी किया की यदि एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल किया जाए तो दस हजार रुपए जुर्माना विधिक सेवा में जमा करने के बाद ही जवाब स्वीकार किया जाएगा। अगली सुनाई 17/2/2025 को नियत किया गया। याचिका में बताया गया है कि उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञ्ञश्वञ्ञ) 2018 इंप्लाइ सलेक्शन बोर्ड द्वारा परीक्षा आयोजित किया गया। शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 के द्वारा शिक्षा विभाग के लगभग 17000 और जनजाति विभाग के लगभग 2000 पदों पर इस तरह से कुल 19000 (उन्नीस हजार) उच्च माध्यमिक शिक्षक की भर्ती किया जाना था। सरकार द्वारा लगभग 8000 पदों पर ही भर्ती किया गया इसके बाद दिसंबर 2022 में भर्ती नियमों में संशोधन किया गया। जिसके अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा पास हुए अभ्यर्थियों को शिक्षक पद पर नियुक्ति पाने के लिए शिक्षक चयन परीक्षा पास होना अनिवार्य है जिसकी वजह से पहले से शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 उत्तीर्ण अभ्यर्थी को दोबारा परीक्षा में बैठा अनिवार्य हो गया। इससे व्यथित होकर जिला मंदसौर निवासी श्याम लाल रविदास व वीरेंद्र कुमार पाटीदार, जिला बुरहानपुर निवासी अश्विनी महाजन, जिला नरसिंहपुर निवासी रामदेवी पटेल, जिला खंडवा निवासी रानू लवंशी, जिला शाजापुर निवासी अनीता मेवाड़ा, देव प्रकाश व दिनेश कुमार बामणिया, जिला मुरैना निवासी अंजू गौर, जिला रीवा निवासी श्रीकांत द्विवेदी, जिला खरगोन निवासी योगिता यादव, जिला खंडवा निवासी अनुराग प्रजापति, जिला बालाघाट निवासी जितेंद्र कुमार मेश्राम, मंदसौर निवासी घनश्याम अमराजिया, जिला भोपाल निवासी भारती भरके, जिला ग्वालियर निवासी ब्रिज किशोर और जिला देवास निवासी वर्षा बैरागी ने नियमों में संशोधन को माननीय न्यायालय के समक्ष चुनौती दिया। दिसंबर 2022 में आलोच्य संशोधन पारित होने के बाद भी सरकार द्वारा मार्च 2023 में 2018 की पात्रता परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों को उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति दिया गया। इसके बाद बाकी बचे अभ्यर्थियों के लिए शिक्षक पद पर नियुक्त होने से आयोग कर दिया गया। क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 में नियम संशोधन करके उतरन हुए अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठना अनिवार्य कर दिया। पहले से उत्तीर्ण अनेक अभ्यर्थियों को उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर नियुक्तियां जारी का की जा चुकी हैं। हजारों पद अभी भी रिक्त पड़े हुए हैं फिर भी सरकार द्वारा नियुक्तियां जारी नहीं की जा रही है। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि एक ही पात्रता परीक्षा में अनेक अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने के बाद सरकार ने नियम को बदला है जिसकी वजह से एक ही समान स्थिति के लोगों के बीच में दो तरह का व्यवहार सरकार द्वारा किया गया जो कि संविधान में निहित समानता के अधिकार का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 में विज्ञापन किए गए पदों में से हजारों पद रिक्त पड़े हुए हैं और उन्हें पदों की भर्ती के लिए सरकार ने शिक्षक चयन परीक्षा का आयोजन करने के लिए कार्रवाई कर रही है। जुलाई 2024 में ही सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जा चुका है लेकिन अभी तक सरकार द्वारा जवाब न दिए जाने से माननीय न्यायालय ने सरकार को आड़े हाथों लिया और एक सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने का समय दिया।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जो देश की बैंक है**

## जबलपुर के नवेली सगर में अपनी जबलपुर जिले में जबलपुर अंधार में 30वी और देशभर में शाखा उद्घाटन किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जो देश की बैंक है, जबलपुर के नवेली सगर में अपनी जबलपुर जिले में जबलपुर अंधार में 30वी और देशभर में शाखा उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर शहर के अतिथिमारियों, चाहकों और मुख्य अतिवि प्रो. डॉ. नवनीत सक्सेना जीन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जिसकी स्थापना 16 सितंबर 1936 की पुणे में हुई थी, आज एक मजबूत और सम्मानित संस्थान के रूप में उभरा है। बैंक देशभर में अपनी 2,547 शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक हमेशा से एक परिवार, एक बैंक के अपने दृष्टिकोण के साथ ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए प्रतिबदध रहा है।

नवीनतम धनवंतरी नगर शाखा के उद्घाटन के साथ, बैंक ने जबलपुर और आसपास के क्षेत्री में अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। इस शाखा में ग्राहकी की सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं जैसे कि डिजिटल बैंकिंग, ओन, जमा मोजनाएं और अन्य विशीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी. डॉ. नानीत सक्सेना, बैंक के जोनल मैनेजर श्री मोहम्मद शाहजीब और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस शाखा के उद्?घाटन में अपनी मागीदारी सुनिश्चित की।

मुख्य अतिथि ने कहा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने सेवाभाव और गुणवत्ता के माध्यम से जनता के बीच विश्वास और अकृष्टता का प्रतीक बनाया है। इस नई शाखा के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों को वित्तीय समावेशन के अवसर मिलेंगे। सोनम मैनेजर श्री मोहम्मतमाही ने कहा, हम अपने शाहकी को बेहतर और सुलभ सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। धनवंतरी नगा गारवा का उद्घाटन हमारे विस्तार और सेवा प्रतिबद्धता का एक और उदाहरणा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अपनी दृढ़ता, विश्वास और उत्कृष्ट संकाओं के माध्यम से देश के विकास में महत्वपूर्ण बनाम देने के लिए समर्पित है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना सिहोरा में रात्रि में ब्रजेश यादव उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मुरैठ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपनी ससुराल ग्राम गौरहा से अपने बेटे विवेक यादव उम्र 07 वर्ष तथा पत्नी वर्षा यादव के साथ अपनी मोटर सायकल से अपने घर मुरैठ जा रहा था शाम लगभग 5 बजे जैसे ही गौरहा के पहले लालपुरा तलैया के पास आम रोड़ पर पहुँचा तभी सामने से आ रही फोर व्हीलर क्रमांक एमपी 20 सीडी 8755 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया

# सिविल लाइन में स्कूल बस के कुचलने से ई-रिक्शा चालक की मौत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित सिविल लाइन क्षेत्र में आज उस वक्त चीख पुकार मच गई. जब तेज गति से आ रही स्कूल बस ने ई-रिक्शा चालक को कुचल दिया, हादसे में चालक के सिर में गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने खून से लथपथ चालक के शरीर को कपड़े से ढका, इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार इलाहाबाद बैंक चौराहा पर दोपहर तीन बजे के लगभग तेज गति से आ रही स्कूल के बस के चालक ने बंधन बारात घर के मोड़ पर ई-रिक्शा को टक्कर मार दी. बस की टक्कर लगते ही रिक्शा चालक उछलकर सामने की ओर गिरा. जिसे बस चालक कुचलते हुए निकल गया, बस के चके के नीचे ई-रिक्शा चालक का सिर आते देख राह चलते लोगों में चीख पुकार मच गई.



देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसने भी खून से लथपथ युवक को देखा तो कुछ पल के लिए स्तब्ध रह गया. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए. पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस का कहना है कि रिक्शा चालक की उम्र 50 वर्ष के लगभग रही.

जिसके परिजनों की जानकारी हासिल कर खबर दे दी गई है. घटना के बाद इस रोड पर जाम के हालात बन गए थे, लोगों की भीड़ लगी रही, जिनके बीच घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही.

# जिला युवा वाहिनी प्रमुख पर नकाबपोश बदमाशों ने किया हमला, कार में की तोडफ़ोड़



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित शहपुरा रोड पर नकाबपोश बदमाशों ने भारतीय किसान संघ के जिला युवा वाहिनी प्रमुख व युवा कृषक यश गोटियां पर उस वक्त हमला कर दिया. जब वे अपनी पत्नी को छोडऩे के लिए शहपुरा जा रहे थे. अचानक किए गए हमले से यश ने किसी तरह जान बचाई लेकिन बदमाशों ने कार में जमकर तोडफ़ोड़ कर दी. युवा किसान यश गोटियां ने थाना पहुंचकर शिकायत की है. जिसपर पुलिस अधिकारियों ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी हैं.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यश गोटियां कार से अपनी पत्नी प्राची को ससुराल छोडऩे के लिए निकले. जब वह शहपुरा पुल से आगे बढ़ रहे थे. इस दौरान 4-5 नकाबपोश बदमाश ने कार को रोककर तोडफ़ोड़ शुरु कर दी. यश कुछ समझ पाते इससे पहले बदमाशों ने मारपीट कर दी. बदमाशों द्वारा मचाए जा रहे तांडव को देखते हुए यश व उनकी पत्नी कार के अंदर ही बैठे रहे. बदमाशों ने करीब दस मिनट तक हंगामा करते हुए कार में तोडफ़ोड़ की इसके बाद धमकी देते हुए शहपुरा की ओर भाग निकले. इसके बाद यश ने थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी. यश गोटियां का कहना था कि प्रापर्टी को लेकर जबलपुर के आशुतोष व अनुराग नामक युवक कई दिनों से परेशान कर रहे है. इससे पहले उन्हे जान से मारने की धमकी तक मिल चुकी है. यहां तक कि रुपयों की मांग भी की जा चुकी है. जिसकी शिकायत यश गोटियां ने लार्डगंज थाना में की थी. गौरतलब है कि यश गोटियां का परिवार आरएसएस से जुड़ा है, उनके पिता भारतीय किसान संघ के पूर्व महाकौशल प्रांत अध्यक्ष है. घटना को लेकर भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि पुलिस को शिकायत देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई. जो प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है.

**मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश**

थाना रांझी में आज दिनांक 21-1-25 को राजेश कुशवाहा उम्र 56 वर्ष निवासी प्रभात स्कूल के सामने सुभाषनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आटो चलाता है दिनांक 20-1-5 को रात लगभग 10-15 बजे वह आटो चलाकर अपने घर के सामने आटो खड़ा किया था तभी मोहल्ले का विक्की मल्लाह अपने साथी सोनू मल्लाह आकाश उर्फ पन्नी, मनोज

# सोशल मीडिया पर दोस्ती कर नर्स के साथ रेप

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित मदनमहल क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां पर एक डायग्नोसिस सेंटर में कार्यरत नर्स से मेडिकल स्टोर्स के कर्मचारी ने दोस्ती की. इसके बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए. नर्स ने जब शादी की बात की तो इंकार कर दिया. युवक द्वारा धोखा दिए जाने व्यथित युवती ने थाना मदनमहल में शिकायत की. जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया.

युवती ने थाना में लिखित शिकायत देते हुए पुलिस को बताया कि वह एक डायग्नोसिस सेंटर में नर्स का काम करती है. उसकी वर्ष 2020 में फेसबुक पर शुभम लोधी नाम के युवक से हुई. जो मेडिकल स्टोर में काम करता रहा. इसके बाद वाट्सएप पर चेटिंग व फोन पर बात करते हुए दोस्ती और गहरी हो गई. यहां तक कि शुभम को जब भी मौका मिलता तो वह डायग्नोसिस सेंटर में मिलने पहुंच जाता था. इस तरह से मुलाकात का सिलसिला बढ़ गया. इस बीच युवक ने नर्स से शादी का वादा किया और अपने घर ले गया. जहां पर नर्स के साथ शारीरिक संबंध बना लिए. इसके बाद से शुभम को जब भी मौका मिलता तो वह नर्स के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा. इस बीच नर्स ने शुभम से शादी करने के लिए कहा तो वह कोई न कोई बहाना करके टाल देता था. नर्स ने जब दबाव बनाना शुरु किया तो इंकार कर दिया. युवक शुभम द्वारा इंकार किए जाने से व्यथित युवती ने थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी. पुलिस ने युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर शुभम लोधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. जहां से आरोपी युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया.

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर.- थाना गोरखपुर में देर रात देवीदत्त दुबे उम्र 62 वर्ष निवासी कांचघर घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पंडिताई करता है दिनांक 20-1-25 को रात लगभग 10-20 बजे वह ग्वारीघाट से दर्शन करके अपनी गाड़ी क्रमांक एमपी 20 एनपी 5231 को चलाते हुये अपने भतीजे अश्वनी कुमार मिश्रा के साथ घर जा रहा था बंदरिया तिराहा में पीछे से एक छोटा ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 3437 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी गाड़ी मे टक्कर मार दिया

# शातिर बदमाश सुअरमार बम रखकर घूमते पकड़ा गया

**2 सुअरमार बम एवं गुप्तीनुमा हथियार जप्त**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गोरखपुर में दिनांक 19-1-25 को मुखबिर से सूचना मिली कि मयूर बाल्मीक निवासी रामपुर आजाद चौक का अपने हाथ में प्लास्टिक की पन्नी के अंदर सुअरमार बम लिये रामपुर पंचशील नगर पहाड़ी जंगल नया गांव की ओर गया है जो कोई अपराध करने की फिराक में है । सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक हाथ में एक थैला लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा तथा गिरते पड़ते हुये गडडे में गिर गया जिसे दोनो पैर कान तथा शरीर में चोटें आ गयीं जिसे घेराबंदी कर पकडा एवं नाम पता पूछा जिसने अपना नाम मयूर बाल्मीक उम्र 24 वर्ष निवासी रामपुर बताया, जो एक प्लास्टिक की पन्नी में 2 सुअरमार बम तथा दाहिने जेब के ऊपर कमर वाले हिस्से में एक गुप्तीनुमा हथियार रखे मिला आरोपी के कब्जे से 2 सुअरमार बम एवं गुप्तीनुमा तेज धार वाला हथियार जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# छात्र-छात्राओं को स्कूटी, लैपटॉप योजना का लाभ कब मिलेगा- कांग्रेस

जबलपुर । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव के दौरान प्रचार प्रसार में 23,24 में 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं को 75त्न से अधिक अंक लाने वालों को सरकार ?25000 देगी और विद्यालय में टॉप करने पर स्कूटी प्रदान करेगी। चुनाव के बाद सरकार बनाना ली बच्चों का रिजल्ट भी आ गया । बच्चे भी हो रहे भाजपा सरकार के झूठे वादों के शिकार बालिका स्कूटी योजना लैपटॉप जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से आज प्रदेश के मेधावी छात्र वंचित है सरकार की अनदेखी लापरवाही के कारण योजनाओं का वास्तविक लाभ अब तक मेधावी छात्राओं के पास नहीं पहुंचा है। सरकार की योजनाएं कागजों तक क्यों सीमित है। कोष्टा ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता सिर्फ राजनीति है ना कि छात्रों का भविष्य प्रदेश के छात्र आज भी अपने अधिकारों और योजनाओं के लाभ से वंचित है यह सब सरकार के खोखले वायदे का नतीजा है । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा को प्रदेश ऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी विजय अग्रवाल, अस्सू खान, पीपी पटेल, राजू तोमर, लखन श्रीवास्तव, डॉक्टर मोइन अंसारी, राजा खान, राजेश पटेल, अशोक चौधरी ,लखन चौधरी आदि प्रदेश की मोहन सरकार से मांग करती है कि मेधावी छात्राओं को लैपटॉप और स्कूटी मामले शीघ्र निर्णय लेकर न्याय प्रदान करें। कांग्रेस मध्य प्रदेश के हर वर्ग के साथ खड़ी है उनको हक दिलाने के लिए बिना देरी किए सड़क से लेकर सदन में उठाने शीघ्र प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष से अनुरोध कर अवगत कराएगी ।

## भाई बनकर खाते से गायब कर दिए 2 लाख

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** बेलखेड़ा थाना में ग्राम इमलिया निवासी कृष्णकुमार तिवारी ने लिखित शिकायत की है। उनके अनुसार बीते 4 दिसम्बर की शाम जब वे अपने घर पर ही थे। तभी सायं करीब 5 बजे उनकी फेसबुक आईडी पर यूएसए कैलिफोर्निया में रहने वाले उनके बड़े भाई देवकुमार के नाम की आईडी से एक मैसेज आया। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका बड़ा भाई बनकर बातचीत शुरु की और बांतों-बांतों में अपना व्हाट्सएप नम्बर भी दे दिया।

# जनसमस्याओं को लेकर सांसद तन्खा को दिया ज्ञापन



जबलपुर। राज्यसभा सांसद विवेक तंखा के नगर आगमन पर मंगलवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सदस्य सरदार दलवीर सिंह जस्सल के नेतृत्व में एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा शासन काल में शहर में अनेको जनसमस्याओं से नगरवासी पीड़ित हैं।ज्ञापन देते समय कांग्रेस के सुमन जैन, राजकुमार जैन, संजय वर्मा, हाजी हामिद खान, डॉक्टर चंद्रेश जैन, अमित जैन, कृष्णा गुप्ता, मोहित वर्मा, शाकिर कुरैशी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर म.प्र.**

**प्रथम निविदा सूचना**

N.I.T. NO.203 / PWD-12/PRO N0. 525 Date 21/01/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD 394501_1 | संभाग क्रं.-12 अंतर्गत महर्षि अरविंद वार्ड स्थित बाई का बगीचा गली नंबर 02 के सामने सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 03 माह<br>2.06 लाख | 2000/-<br>2068/- | 10.02.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2024-25/ एम/45 दिनांक 20.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती भारती रामरखवानी, पति- श्री माधवदास रामखवानी** ने मकान नं. 635 का भाग, **वार्ड- लोक मान्य तिलक** ,कुल क्षेत्रफल 765.37 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 825.37 व.फु. भूतल 60 व.फु., प्रथम तल 765.37 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. स्वीकृति दिनांक 20/01/2025 अनुसार

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-12 घंटाघर**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/284/ दिनांक 21.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री गिरेन्द्र सिंह पटैल, एवं श्रीमती गायत्री देवी, श्रीमती गीता पटैल, श्री सूर्याश पटैल,** ने भवन क्रंमाक. 823/24 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड** , भूतल ............. व.फु., प्रथमतल .............. व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 823/24 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री मनमोहन लाल चान्दना, पिता- स्व. श्री रामचन्द्र चान्दना, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं-03 रामपुर**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/283/ दिनांक 21.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री शिव कुमार पाण्डेय, पिता- स्व. श्री दीनदयाल पाण्डेय** ने भवन क्रंमाक. 3050/ए/1 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** , भूतल 1300 व.फु., प्रथमतल 1300 व.फु., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 3050/ए/1 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री दीनदयाल पाण्डे, पिता-श्री घासीराम पाण्डेय के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं-03 रामपुर**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -96, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 21.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रश्मि सक्सेना, पति- श्री सुखराम सक्सेना, पिता- स्व. श्री सतीश कुमार सक्सेना** ने मकान नं. 1991-1993 का भाग, पिन नं. 1000373211 का भाग **वार्ड गोकलपुर वार्ड,** क्षेत्रफल 800 व.फु., **आधार कार्ड, दानपत्र ,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्रीमती सरला सक्सेना, पति- स्व. श्री सतीश कुमार सक्सेना, मकान नं. 1991-1993 का भाग, पिन नं. 1000373211 का भाग द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -97, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 21.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अमृता सक्सेना, पति- श्री श्याम सिंह, पिता- स्व. श्री सतीश कुमार सक्सेना** ने मकान नं. 1991-1993 शेष भाग, पिन नं. 1000373211 **वार्ड गोकलपुर वार्ड,** क्षेत्रफल 100 व.फु. भूमि, भूतल 700 व.फु. आर.सी.सी., **आधार कार्ड, दानपत्र ,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्रीमती सरला सक्सेना, पति- स्व. श्री सतीश कुमार सक्सेना, मकान नं. 1991-1993 शेष भाग, पिन नं. 1000373211 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 31/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 21.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्रीमती किरण देवी जायसवाल, पति- स्व. श्री रामनरेश** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 4631/ए, **वार्ड 63 वार्ड ,** भूतल 200 व.फु. आर.सी.सी. , **संलग्न- शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री रामनरेश जायसवाल, भवन नं 4631/ए, पिन नं. 1000699701 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 30/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 21.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री सचिन सोनी, पिता- श्री शारदा प्रसाद सोनी,** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 65 के भाग, **वार्ड 69 वार्ड** , भूतल 385 व.फु. आर.सी.सी. कामर्शियल, प्रथमतल 335 व.फु. आर.सी.सी. कामर्शियल, **संलग्न- शपथपत्र, नजूल विक्रयपत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री सुरेश कुमार आनंद, भवन नं 65 के भाग, पिन नं. 1000600389 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 29/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 21.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री शारदा प्रसाद सोनी, पिता- स्व. श्री माता प्रसाद सोनी** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 65 के भाग, **वार्ड 69 वार्ड** , भूतल 385 व.फु. आर.सी.सी. कामर्शियल, प्रथमतल 335 व.फु. आर.सी.सी. कामर्शियल, **संलग्न- शपथपत्र, नजूल विक्रयपत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री सुरेश कुमार आनंद, भवन नं 65 के भाग, पिन नं. 1000600389 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/206 दिनांक 21.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती लक्ष्मी जैन, पति- श्री सुनील कुमार जैन** ने मकान नं. पी-438 , **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 450 व.फु., भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 350 दिनांक 21.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री रवि नंदन, पिता- स्व. श्री मुन्नन बाबू** ने मकान नं. प्लाट नं. 99 का भाग , सम्पत्ति पिन नं. 1000608096 का भाग, **वार्ड विवेकानंद वार्ड** , क्षेत्रफल 750व.फु., भूतल 650 व.फु., प्रथमतल 500 व.फु., द्वितीयतल 400 व.फु., **बटवारानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 349 दिनांक 21.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती मालती अग्रवाल, पति- श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल** ने मकान नं. 412/1ए , सम्पत्ति पिन नं. 1000604987, **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 1075 व.फु., भूतल 798 व.फु., प्रथमतल 610 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999